NEET Bulletin Helpline No.
8800265682
Completely NEET Counselling Guidance specially for
MBBS BDS BAMS BHMS BUMS
B.Sc Nursing GNM D./ B. Pharma
BPT MPT D/BMLT D.Optometry
OT Technician Clinical Research
B.Sc Ag. Micro Bio Bio Chem
Bio tech. BNYS etc.

R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

निर्भीक और बेबाक अभिव्यक्ति

# विजडम इंडिया

EMAIL: sheelshukla100@gmail.com

लखनऊ से प्रकाशित

वर्ष: 15 अंक: 249 लखनऊ, शनिवार 02 मई 2026 मूल्य: 02 रूपये पृष्ठ- 08

## आत्मनिर्भर लद्दाख की ओर बढ़ते कदम! अमित शाह ने करगिल में 10,000 लीटर क्षमता वाले डेयरी संयंत्र की रखी आधारशिला

एजेंसी।

दिल्ली। केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने करगिल में 10,000 लीटर प्रतिदिन क्षमता वाले डेयरी संयंत्र की शुक्रवार को आधारशिला रखी। मंत्री ने साथ ही लद्दाख के लिए डेयरी विकास से जुड़ी कई ऑनलाइन माध्यम से पहल पेश कीं। केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में श्वेत क्रांति को नई ऊंचाई देने के लिए केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को करगिल में 10,000 लीटर प्रतिदिन क्षमता वाले एक आधुनिक डेयरी प्रसंस्करण संयंत्र की आधारशिला रखी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन श्आत्मनिर्भर भारतश के तहत शुरू की गई यह परियोजना लद्दाख के दुर्गम क्षेत्रों में दुग्ध उत्पादकों की आय बढ़ाने और क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में मील का पत्थर साबित होगी। अधिकारियों ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में ये पहल पेश की गई हैं। इनमें मोबाइल दूध परीक्षण प्रयोगशालाएं, आधुनिक दूध शीतलन प्रणाली और डेयरी



अवसंरचना को मजबूत करना शामिल है, ताकि केंद्र शासित प्रदेश में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिल सके। अधिकारियों ने बताया कि 10,000 लीटर प्रतिदिन क्षमता वाला आधुनिक डेयरी प्रसंस्करण संयंत्र लगभग 25 करोड़ रुपये की लागत से राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी इंडियन डेयरी मशीनरी कंपनी द्वारा स्थापित किया जा रहा है।यह परियोजना मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय के राष्ट्रीय डेयरी विकास कार्यक्रम (एनपीडीडी) के तहत लागू की जा रही है, जिसमें 12.74 करोड़ रुपये का अनुदान, 10 करोड़ रुपये की सहायता राष्ट्रीय डेयरी विकास फाउंडेशन से और शेष राशि एलयूटीडीसीएफ फंड के माध्यम से (हिमाचल प्रदेश प्रशासन के जरिये) उपलब्ध कराई जा रही है। यह संयंत्र 350 किलोवाट सौर ऊर्जा आधारित प्रणाली पर चलेगा जिससे ऊंचाई वाले इस क्षेत्र में स्वच्छ तथा टिकाऊ संचालन सुनिश्चित होगा। दूध संग्रह के लिए आधुनिक मोबाइल 'मिल्क कलेक्शन' एवं 'कूलिंग सिस्टम' स्थापित किया जाएगा जिससे किसानों से सीधे दूध संग्रह, गुणवत्ता संरक्षण और क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। अधिकारियों ने कहा कि ये कदम लद्दाख के डेयरी क्षेत्र के आधुनिकीकरण, किसानों की आय बढ़ाने और खरीद प्रणाली में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के व्यापक प्रयास का हिस्सा हैं। साथ ही बिजली से जुड़ी चुनौतियों को दूर करने, दूध संग्रह को सुव्यवस्थित करने और किसानों को समय पर डिजिटल भुगतान सुनिश्चित करने के उपाय भी किए गए हैं। भारतीय सेना के साथ नियमित दूध आपूर्ति व्यवस्था से इस क्षेत्र में डेयरी गतिविधियों को स्थिर बाजार मिला है जिससे संचालन की विश्वसनीयता बढ़ी है। डिजिटल सुधारों के तहत एआई आधारित निगरानी प्रणाली, मोबाइल दूध संग्रह इकाइयां और जलवायु अनुकूल शीतलन समाधान लागू किए गए हैं ताकि गुणवत्ता और पारदर्शिता बनी रहे। इन पहलों का असर अब दिखने लगा है। एक गांव के 74 किसानों से शुरू होकर अब यह नेटवर्क करीब 1,700 किसानों तक पहुंच गया है।

## आउटसोर्स कर्मियों के लिए नए नियम लागू, साप्ताहिक अवकाश और वेतन सुरक्षा पर सरकार सख्त

संवाददाता।

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने आउटसोर्स और अंशकालिक कर्मचारियों के अधिकारों की सुरक्षा के लिए नए नियम लागू किए हैं। अब साप्ताहिक अवकाश, तय कार्य घंटे, समय पर वेतन और छुट्टियों की सुविधा अनिवार्य होगी। साथ ही डिजिटल भुगतान और न्यूनतम मजदूरी सुनिश्चित कर कर्मचारियों के शोषण पर रोक लगाने की पहल की गई है।उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले लाखों आउटसोर्स और अंशकालिक (Part-time) कर्मियों के हितों की रक्षा के लिए ऐतिहासिक कदम उठाए हैं। यह जानकारी समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री असीम अरुण ने शुक्रवार को श्मजदूर दिवसश के अवसर पर दी। असीम अरुण ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में नए लेबर कोड्स और 'आउटसोर्स सेवा निगम' के गठन के माध्यम से सरकार ने इन कर्मचारियों के लिए छुट्टियों,



काम के घंटों और वेतन भुगतान की प्रक्रिया को पारदर्शी और अनिवार्य बना दिया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अब कर्मचारियों का शोषण संभव नहीं होगा और उनके अधिकारों को कानूनी सुरक्षा प्रदान की गई है। हमारी सरकार का लक्ष्य 'अंत्योदय' है। आउटसोर्सिंग कर्मचारी हमारी व्यवस्था की रीढ़ हैं, और उन्हें सामाजिक सुरक्षा और सम्मान देना हमारी प्राथमिकता है। आज मजदूर दिवस पर यह सुधार उन्हीं के पसीने की कीमत और उनके अधिकारों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। नए नियमों के अनुसार, अब किसी भी आउटसोर्स या अनुबंध कर्मचारी से लगातार सातों दिन काम लेना अवैध होगा। साप्ताहिक अवकाश – 6 दिन के निरंतर कार्य के पश्चात 1 दिन का सवेतनिक अवकाश देना अनिवार्य है। 2. छुट्टियों का नया ढांचा

कर्मचारियों के मानसिक और शारीरिक कल्याण हेतु छुट्टियों के नियमों में व्यापक सुधार किया गया है आकस्मिक अवकाश प्रति वर्ष 10 दिन। बीमारी की छुट्टी– 6 माह की सेवा पूर्ण होने पर 15 दिन। अर्जित अवकाशरू प्रति वर्ष 15 दिन (अगले वर्ष हेतु Carry forward की सुविधा के साथ)। प्रसूति अवकाश– महिला कर्मियों के लिए मैटरनिटी लीव के नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाएगा।. वेतन सुरक्षा और डिजिटल पारदर्शिता भारत सरकार के नए लेबर कोड्स के अनुरूप उत्तर प्रदेश में वेतन ढांचे को सुधारा गया है। मूल वेतनरू कुल सैलरी (CTC) का कम से कम 50: होगा, जिससे कर्मचारियों के PF और ग्रेच्युटी फंड में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। समयबद्ध भुगतान– पारदर्शिता सुनिश्चित करने हेतु वेतन हर माह की 1 से 5 तारीख के बीच सीधे बैंक खाते में जमा करना अनिवार्य कर दिया गया है।4. 'आउटसोर्स सेवा निगम' का प्रभाव1 अप्रैल 2026 से प्रभावी हुए इस निगम के माध्यम से बिचौलियों के शोषण को जड़ से समाप्त किया जा रहा है।

## नोएडा में मजदूरों की अनदेखी? भाजपा विधायक धीरेंद्र सिंह ने सीएम योगी को लिख पत्र

संवाददाता।

गौतमबुद्धनगर में हुए श्रमिक आंदोलनों के बाद, जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर श्रमिकों की समस्याओं और सरकारी योजनाओं की विफलता पर ध्यान आकर्षित किया है। उन्होंने श्रमिकों के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास और सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु एक ठोस कार्ययोजना लागू करने की मांग की है।विकास की हर ईंट में श्रमिकों का पसीना, परिश्रम और समर्पण निहित है, लेकिन वर्तमान समय में भी बड़ी संख्या में श्रमिक मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। इसी संदर्भ में जेवर के विधायक धीरेन्द्र सिंह ने लखनऊ प्रवास के दौरान एक पत्र प्रेषित कर प्रदेश सरकार को श्रमिकों की वास्तविक स्थिति से अवगत कराया तथा उनके सर्वांगीण कल्याण हेतु शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास एवं सामाजिक सुरक्षा को समाहित करते हुए एक कार्ययोजना लागू किए जाने का आग्रह किया है।जेवर के विधायक धीरेन्द्र सिंह ने अपने पत्र में उल्लेख किया कि ष्आज के परिवेश में श्रमिकों को केवल रोजगार ही नहीं, बल्कि उनके बच्चों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, परिवार के लिए सुलभ एवं प्रभावी स्वास्थ्य सेवाएं, सुरक्षित एवं किफायती आवास, सामाजिक सुरक्षा कवरेज तथा जीवन यापन का ध्यान रखना आवश्यक हैं। जेवर के विधायक धीरेन्द्र सिंह ने यह भी कहा कि ष्सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के बावजूद जमीनी स्तर पर इनका लाभ सभी श्रमिकों तक प्रभावी रूप से नहीं पहुंच पा रहा है। जनपद गौतमबुद्धनगर में हाल ही में हुए श्रमिक आंदोलनों का उल्लेख करते हुए उन्होंने अपने पत्र के माध्यम से यह भी अवगत कराया कि यह स्थिति श्रमिकों की समस्याओं के समाधान हेतु और अधिक ठोस एवं व्यावहारिक कदम उठाने की आवश्यकता को दर्शाती है।

## मोहनलालगंज में आत्महत्या प्रकरण का खुलासा, पत्नी व प्रेमी गिरफ्तार, प्रताड़ना से तंग आकर युवक ने दी जान

संवाददाता। लखनऊ। थाना मोहनलालगंज क्षेत्र में युवक की आत्महत्या के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मृतक की पत्नी और उसके कथित प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया है। जांच में सामने आया कि लगातार मानसिक प्रताड़ना से परेशान होकर युवक ने आत्महत्या जैसा कदम उठाया।प्राप्त जानकारी के अनुसार 29 अप्रैल 2026 को ग्राम कल्ली पूरब (घाघ) निवासी श्रीराम ने थाना मोहनलालगंज में सूचना दी कि उनके पुत्र बब्लू गौतम का विवाह लगभग 15 वर्ष पूर्व चांदनी से हुआ था। आरोप है कि बब्लू की पत्नी चांदनी का सत्यमपाल नामक युवक से प्रेम संबंध था, जो बंधन बैंक शाखा मोहनलालगंज में कार्यरत है। इस संबंध की जानकारी होने के बाद घर में आए दिन विवाद होने लगा।शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया कि चांदनी और उसका प्रेमी सत्यमपाल मिलकर बब्लू को लगातार प्रताड़ित करते थे, जिससे तंग आकर उसने आत्महत्या कर ली। इस सूचना पर थाना मोहनलालगंज में मुकदमा संख्या 159ध26 धारा 108 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया।पुलिस द्वारा विवेचना और साक्ष्य संकलन के दौरान आरोप सही पाए गए, जिसके बाद अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित की गई। पुलिस ने 30 अप्रैल 2026 को मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए चांदनी को उसके घर से तथा सत्यमपाल को कस्बा निगोहा से गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तार अभियुक्तों में सत्यमपाल (25 वर्ष) निवासी गुरूबक्शगंज, रायबरेली और चांदनी (32 वर्ष) निवासी कल्ली पूरब, मोहनलालगंज शामिल हैं। दोनों को नियमानुसार न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है।पुलिस का कहना है ।

## भवानीपुर में हाई-वोल्टेज ड्रामा इबीएम में गड़बड़ी के दावों पर चुनाव आयोग का पलटवार, ममता के आरोपों को किया खारिज

एजेसी।

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के नतीजों से पहले सियासी पारा अपने चरम पर पहुँच गया है। गुरुवार की रात भवानीपुर के सखावत मेमोरियल स्कूल स्थित मतगणना केंद्र के बाहर भारी हंगामा देखने को मिला।मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने खुद स्ट्रॉन्ग रूम का दौरा किया और म्टड के साथ छेड़छाड़ की आशंका जताई, जिसे चुनाव आयोग (EC) ने सिरे से खारिज कर दिया है। TMC ने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (BJP) ने सखावत मेमोरियल स्कूल में EVM से छेड़छाड़ करने की कोशिश की, जो बनर्जी के भवानीपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए मतगणना केंद्र है। हालांकि, चुनाव अधिकारियों ने ज्डब के इस आरोप को खारिज कर दिया है।समाचार एजेंसी ।छप् से बात करते हुए, उत्तर कोलकाता



की जिला चुनाव अधिकारी (DEO) स्मिता पांडे ने पोस्टल बैलेट को अलग करने की वैधानिक प्रक्रिया के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को सुविधा केंद्र पर व्यक्तिगत वोट दिए गए हैं, जो किसी दूसरे जिले या विधानसभा क्षेत्र के हो सकते हैं।पांडे ने कहा कि यह प्रक्रिया 'नियंत्रित और सुरक्षित' माहौल में पूरी की जाती है। उन्होंने आगे कहा कि यह सुनिश्चित करने के लिए कि कोई भी अनाधिकृत व्यक्ति अंदर न जा सके, अधिकारियों को तय जगहों पर तैनात किया गया है। उन्होंने कहा, 'हमारे लोग गलियारे में बैठे हैं। EVM स्ट्रॉन्ग रूम बंद है, उसे सील कर दिया गया है। उत्तर कोलकाता की DEO ने ANI को यह भी बताया कि भारतीय चुनाव आयोग (ECI) के दिशानिर्देशों के अनुसार, EVM और पोस्टल बैलेट, दोनों को अलग–अलग तरीके से संभाला जाता है। उन्होंने कहा, 'EVM रूम अलग है। पोस्टल बैलेट के लिए स्ट्रॉन्ग रूम अलग है, और हमें उन्हें निकालकर अलग–अलग करना होता है।EVM स्ट्रॉन्ग रूम में बनर्जी का देर रात का दौरा EVM में गड़बड़ी के आरोपों के बीच, बनर्जी ने मतगणना केंद्र पर लगभग चार घंटे बिताए। TMC प्रमुख बनर्जी ने कहा कि पारदर्शिता की जरूरत है और यह सुनिश्चित करने के लिए कि प्रक्रिया निष्पक्ष तरीके से हो, वहां CCTV कैमरे लगाए जाने चाहिए।उन्होंने किसी भी तरह की गड़बड़ी के खिलाफ कड़ी चेतावनी भी दी और कहा कि इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## 7 सांसदों के भाजपा में जाने के बाद भगवंत मान का शक्तिप्रदर्शन, जीता विश्वास मत

एजेंसी।

पंजाब। आम आदमी पार्टी के 7 राज्यसभा सांसदों के भाजपा में शामिल होने के बाद, मुख्यमंत्री भगवंत मान सरकार ने पंजाब विधानसभा में विश्वास प्रस्ताव पारित कर अपनी स्थिरता और बहुमत साबित किया है। इस कदम का उद्देश्य पार्टी विधायकों की एकजुटता दिखाकर उन अटकलों को खारिज करना था जो सांसदों के दलबदल के बाद शुरू हुई थीं। पंजाब की भगवंत मान सरकार ने शुक्रवार को विधानसभा में विश्वास प्रस्ताव पेश किया, जो सर्वसम्मति से पारित हो गया। यह कदम तब उठाया गया जब कुछ दिन पहले ही आम आदमी पार्टी के सात राज्यसभा सांसद पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए थे। सरकार ने इस प्रस्ताव के जरिए यह साबित किया कि पंजाब के विधायकों का अपनी पार्टी और मुख्यमंत्री पर पूरा भरोसा है। विशेष सत्र के दौरान मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि आम आदमी पार्टी एक मजबूत शक्ति के रूप में उभर रही है। उन्होंने उन अफवाहों को खारिज कर दिया जिनमें कहा जा रहा था कि पार्टी खत्म हो जाएगी या विधायक दूसरी पार्टियों में चले जाएंगे। मान ने जोर देकर कहा कि ऐसी बातें सिर्फ जनता के बीच भ्रम फैलाने के लिए की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि



जम्मू–कश्मीर से लेकर गोवा तक पार्टी का विस्तार हो रहा है और देश के कई हिस्सों में उनके विधायक, मेयर और पार्षद मौजूद हैं। भारी बहुमत के साथ मजबूत स्थिति पंजाब की 117 सीटों वाली विधानसभा में आम आदमी पार्टी के पास भारी बहुमत है। सदन में आप के 94 विधायक हैं, जबकि कांग्रेस के 16, शिरोमणि अकाली दल ँ।क) के तीन, भाजपा के दो, बसपा का एक और एक निर्दलीय विधायक है। सत्र के लिए पार्टी ने अपने सभी विधायकों को व्हिप जारी कर मौजूद रहने का आदेश दिया था। 7 सांसदों के जाने से लगा था झटका हाल ही में 24 अप्रैल को आम आदमी पार्टी को तब बड़ा झटका लगा था,

## कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर पर सियासी भूचाल, राहुल-अखिलेश ने मोदी पर बोला तीखा हमला

संवाददाता।

लखनऊ। कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में बढ़ोतरी पर सियासी घमासान छिड़ गया है, जहाँ राहुल गांधी और अखिलेश यादव जैसे विपक्षी नेताओं ने इसे चुनाव बाद महंगाई का झटका बताते हुए सरकार की कड़ी आलोचना की है। विपक्ष ने इस फैसले को छोटे कारोबारियों और आम जनता पर बोझ बताते हुए संसद में चर्चा की मांग की है।देश में कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में हुई अचानक बढ़ोतरी ने राजनीतिक हलचल तेज कर दी है। विपक्षी दलों ने केंद्र सरकार पर कड़ा प्रहार करते हुए इसे जनता की जेब पर बोझ बताया है। कांग्रेस ने



सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि महंगाई बेकाबू होती जा रही है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि उन्होंने पहले ही चेतावनी दी थी कि चुनाव खत्म होते ही महंगाई का झटका लगेगा।राहुल गांधी ने क्या कहा?राहुल गांधी ने इस फैसले की निंदा करते हुए कहा कि कमर्शियल गैस महंगी होने से छोटे दुकानदारों, ढाबा चलाने वालों, हलवाई और बेकरी जैसे कारोबारों पर बुरा असर पड़ेगा। उन्होंने चेतावनी दी कि जब इन व्यापारियों का खर्च बढ़ेगा, तो इसका सीधा असर आम जनता के खाने कीथाली पर होगा। राहुल गांधी ने यह भी आशंका जताई कि आने वाले समय में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में भी इसी तरह की बढ़ोतरी देखी जा सकती है।अखिलेश यादव ने क्या कहा?समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी तीखा तंज कसते हुए कहा कि महंगाई सिर्फ एक आंकड़ा नहीं, बल्कि लोगों की जिंदगी की सच्चाई है। उन्होंने कहा कि जो लोग खुद बाजार जाकर सामान नहीं खरीदते, उन्हें आम आदमी की तकलीफ समझ नहीं आती। अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया पर लिखा कि सरकार को बढ़ती कीमतों और बेरोजगारी पर संसद में गंभीर चर्चा करनी चाहिए और इस जनविरोधी कदम के खिलाफ निंदा प्रस्ताव लाया जाना चाहिए।

## भोपला में मेडिया का महाकुंभ, सीएम मोहन यादव करेंगे हिंदी पत्रकारिता के 200 साल पर महाविमर्श का शुभारंभ

एजेसी।

भोपाल में 8 मई से हिंदी पत्रकारिता के द्विशताब्दी वर्ष पर तीन दिवसीय श्मीडिया महाकुंभश का आयोजन हो रहा है, जिसका उद्घाटन मुख्यमंत्री मोहन यादव करेंगे। इस राष्ट्रीय विमर्श में हरिवंश और जे. साईं दीपक समेत देश के 60 से अधिक विशेषज्ञ पत्रकारिता के वैचारिक अधिष्ठान और नए भारत के निर्माण जैसे विषयों पर मंथन करेंगे। भोपाल। हिंदी पत्रकारिता के 200 वर्ष पूर्ण होने के ऐतिहासिक अवसर पर माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय और वीर भारत न्यास की संयुक्त पहल पर 'प्रणाम! उदंत मार्तण्ड' शीर्षक से तीन दिवसीय राष्ट्रीय विमर्श 8, 9 और 10 मई 2026 को भारत भवन, भोपाल होगा। शुभारंभ 8 मई को प्रातः 10रू30 मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डा.मोहन यादव करेंगें। विषय प्रवर्तन वरिष्ठ पत्रकार एवं पूर्व सूचना आयुक्त श्री उदय माहूरकर करेंगे तथा अध्यक्षता आचार्य मिथिलेशनंदिनीशरण (अयोध्या) करेंगे। इस मीडिया कुंभ में देश के 9 राज्यों से विभिन्न भारतीय भाषाओं के 60 से अधिक पत्रकार, संपादक, लेखक, एंकर, विचारक, शिक्षाविद् और मीडिया विशेषज्ञ सहभागिता करेंगे। सत्रों में राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश, अधिवक्ता एवं लेखक जे.साईं दीपक, वरिष्ठ पत्रकार जे. नंदकुमार, विष्णुप्रकाश त्रिपाठी, नगमा सहर, सईद अंसारी, उदय सिन्हा, अमिताभ अग्निहोत्री, जयंती रंगनाथन, डॉ. ब्रजेश कुमार सिंह, प्रो. कृपाशंकर चौबे, प्रो.सोमा बंदोपाध्याय, विकास मिश्र, प्रफुल्ल केतकर, प्रत्यूष रंजन, डॉ. सी. जयशंकर बाबु, शैलेश पाण्डेय, हितेश शंकर, प्रतीक त्रिवेदी, राशिद किदवई, अनिल पाण्डेय, दिलीप शर्मा, शरद गुप्ता, सलमान रावी



के अलावा 'गुल्लक' के लेखक दुर्गेश सिंह भी शामिल होगें। चर्चा सत्रों में डिजिटल समय में टीवी पत्रकारिता, भारतीय पत्रकारिता का वैचारिक अधिष्ठान, भूमंडलीकरण के बाद का भारत और मीडिया, नए भारत का निर्माण, भारतीय भाषाओं का राष्ट्रीय स्वर जैसे विषयों पर चर्चा होगी। इस अवसर दो सौ वर्षों की पत्रकारिता की गौरवशाली यात्रा पर केंद्रित समाचार पत्रों की प्रदर्शनी भी लगेगी। साथ ही देश के आठ वरिष्ठ कार्टूनिस्ट अपना लाइव कार्टून शो करेंगे। विश्वविद्यालय के कुलगुरु विजयमनोहर तिवारी ने बताया कि यह तीन दिवसीय राष्ट्रीय संविमर्श हिंदी पत्रकारिता की ऐतिहासिक यात्रा को स्मरण करते हुए उसके मूल्यों, चुनौतियों और संभावनाओं पर गंभीर विमर्श का मंच प्रदान करेगा। कार्यक्रम में भारत भवन,दत्तोपंत ठेंगड़ी शोध संस्थान, मप्र विज्ञान और प्रौद्योगिकी परिषद भी सहयोगी हैं।

# मजदूर दिवस पर संयुक्तमजदूर मंच ने भरी हुंकार

## हक की लड़ाई तेज करने का लिया संकल्प




सुल्तानपुर। अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस (मई दिवस) के अवसर पर शुक्रवार को शहर के राजीव गांधी पार्क में संयुक्त मजदूर मंच द्वारा एक विशाल सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न संगठनों के कार्यकर्ताओं और मजदूरों ने एकजुट होकर अपने अधिकारों के प्रति आवाज बुलंद की। सभा को मुख्य रूप से कॉमरेड अशोक शुक्ला (संयोजक सीटू, अध्यक्ष यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियन एवं पूर्व केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य) ने संबोधित किया। अपने संबोधन में उन्होंने मजदूरों के गौरवशाली इतिहास और उनके संघर्षों पर प्रकाश डाला। मई दिवस केवल एक अवकाश नहीं, बल्कि दुनिया भर के उन मजदूरों के बलिदान का प्रतीक है जिन्होंने काम के घंटे तय करने और गरिमापूर्ण जीवन के लिए अपना खून बहाया। आज के दौर में श्रम कानूनों में किए जा रहे बदलाव और निजीकरण की नीतियों ने कामगारों के सामने नई चुनौतियां खड़ी कर दी हैं। हमें बैंक, रेल, बीमा और अन्य सरकारी संस्थानों को बचाने के लिए एक बड़ा और संगठित आंदोलन खड़ा करना होगा। सभा में वक्ताओं ने वर्तमान आर्थिक नीतियों की आलोचना करते हुए निम्नलिखित मुद्दों पर जोर दिया। श्रम सुधारों के नाम पर शोषण नए लेबर कोड्स को मजदूर विरोधी बताते हुए उन्हें वापस लेने की मांग की गई। सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के बेतहाशा निजीकरण को देश की अर्थव्यवस्था और रोजगार के लिए घातक बताया गया। असंगठित क्षेत्र के मजदूरों के लिए न्यूनतम वेतन और सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने की अपील की गई। संयुक्त मजदूर मंच के बैनर तले आयोजित इस कार्यक्रम में बैंक कर्मचारी संगठनों, बीमा क्षेत्र, चिकित्सा प्रतिनिधियों और सीटू से जुड़े सैकड़ों पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया।

# पूर्व मुख्यमंत्री से मिले दुर्गेश मिश्र, गीत के माध्यम से उठाई जनपद की समस्याएं



सुल्तानपुर। जनपद के कटका बाजार निवासी समाजसेवी दुर्गेश मिश्र ने प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से मुलाकात कर क्षेत्रीय समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। इस दौरान उन्होंने एक अनोखे अंदाज में जनपद की जमीनी हकीकत को सामने रखते हुए गीत के माध्यम से अपनी बात रखी, जिसे सुनकर उपस्थित लोग भी भावुक हो उठे।दुर्गेश मिश्र ने अपने गीत में वर्तमान समय की प्रमुख समस्याओं जैसे बेरोजगारी, बढ़ती महंगाई, युवाओं की परेशानियां और आम जनता के संघर्ष को मार्मिक ढंग से प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि जनपद सुल्तानपुर समेत आसपास के क्षेत्रों में युवाओं को रोजगार के पर्याप्त अवसर नहीं मिल पा रहे हैं, जिससे उनमें निराशा बढ़ रही है। वहीं लगातार बढ़ती महंगाई ने आम आदमी की कमर तोड़ दी है। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने दुर्गेश मिश्र की प्रस्तुति को गंभीरता से सुना और उनके प्रयास की सराहना की। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं को इस तरह रचनात्मक तरीके से सामने लाना सराहनीय है और इससे समाज में जागरूकता बढ़ती है। साथ ही उन्होंने भरोसा दिलाया कि आम जनता के मुद्दों को हमेशा प्राथमिकता दी जाएगी। मुलाकात के दौरान दुर्गेश मिश्र ने पूर्व सरकार में किए गए विकास कार्यों का भी उल्लेख किया और उनके समर्थन में गीत प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि जनता आज भी उन कार्यों को याद करती है और उम्मीद करती है कि भविष्य में फिर से विकास की वही गति देखने को मिलेगी।

# आईएलएसएस, झूसी में "उद्घोष यूथ पार्लियामेंट 2026" का भव्य आयोजन

झूसी, प्रयागराज।

इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ एंड सोशल साइंस (आईएलएसएस), छतनाग–उपरहार, झूसी, प्रयागराज द्वारा "उद्घोष यूथ पार्लियामेंट 2026" का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 15 से अधिक महाविद्यालयों के छात्र–छात्राओं ने सहभागिता की। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से इलाहाबाद विश्वविद्यालय, सीएमपी डिग्री कॉलेज, यूनाइटेड यूनिवर्सिटी, एस.एस. खन्ना डिग्री कॉलेज, शंभुनाथ लॉ कॉलेज सहित अन्य संस्थानों के प्रतिभागियों ने भाग लिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रोफेसर एम.पी. दुबे रहे। इस अवसर पर संस्थान के संस्थापक एवं पूर्व आईजी श्री कविंद्र प्रताप सिंह




ने छात्र–छात्राओं को संबोधित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं तथा कहा कि इस प्रकार के आयोजन युवाओं में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन एवं लोकतांत्रिक मूल्यों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

संस्थान के प्राचार्य श्री अजीत सिंह ने सभी प्रतिभागियों एवं आयोजकों का उत्साहवर्धन करते हुए यह आश्वासन दिया कि भविष्य में भी इस प्रकार के शैक्षणिक एवं संसदीय प्रशिक्षण आधारित कार्यक्रमों का आयोजन निरंतर किया जाएगा। कार्यक्रम के सफल संचालन में संस्थान की फैकल्टी श्रीमती प्रज्ञा श्रीवास्तव का विशेष योगदान रहा।

कार्यक्रम के दौरान ऑल इंडिया पॉलिटिकल पार्टीज मीट (।प्च्च्ड), लोकसभा एवं प्रक्रिया समिति के माध्यम से प्रतिभागियों ने प्रश्नकाल, वाद–विवाद, प्रस्ताव प्रस्तुतीकरण तथा संसदीय कार्यवाही का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। प्रतिभागियों ने देश के समसामयिक विषयों पर अनुशासित एवं सारगर्भित ढंग से अपने विचार प्रस्तुत कर उत्कृष्ट प्रतिभा का परिचय दिया।

ऑल इंडिया पॉलिटिकल पार्टीज मीट (।प्च्च्ड) के पुरस्कार विजेता

सर्वश्रेष्ठ प्रतिनिधि (बेस्ट डेलीगेट)रू असदुद्दीन ओवैसी दृ समीर विश्वकर्मा (एमिटी यूनिवर्सिटी, लखनऊ)

उच्च प्रशंसा (हाई कमेंडेशन)रू नरेंद्र मोदी दृ वैभव (सीएमपी डिग्री कॉलेज)

विशेष उल्लेख (स्पेशल मेंशन–1)रू एस. जयशंकर दृ प्रांजलि (शंभुनाथ लॉ कॉलेज)

विशेष उल्लेख (स्पेशल मेंशन–2)रू स्मृति ईरानी दृ राइना कुमारी

मौखिक उल्लेख (वर्बल मेंशन–1)रू कंगना रनौत दृ पलक मिश्रा (यूनाइटेड यूनिवर्सिटी)

मौखिक उल्लेख (वर्बल मेंशन–2)रू अर्जुन राम मेघवाल दृ सौम्या मिश्रा (एलएयू)

श्रेष्ठ वक्ता (आउटस्टैंडिंग ओरैटर)रू अमित शाह दृ अश्वार (आईएलएसएस)

सर्वाधिक प्रतिष्ठित सांसद (मोस्ट डिस्टिंग्विश्ड पार्लियामेंटेरियन)रू योगी आदित्यनाथ दृ सत्य दर्शन (शंभुनाथ लॉ कॉलेज)

समिति में उच्च उत्कृष्टता (हाई एक्सीलेंस इन कमिटी)रू अनुप्रिया पटेल दृ मांटा (आईएलएसएस)

लोकसभा समिति के पुरस्कार विजेता

सर्वश्रेष्ठ प्रतिनिधि (बेस्ट डेलीगेट)रू वीरेंद्र कुमार दृ याशी पांडेय (इलाहाबाद विश्वविद्यालय)

उच्च प्रशंसा (हाई कमेंडेशन)रू अनुराग ठाकुर दृ राधिका (टीपीएस)

विशेष उल्लेख (स्पेशल मेंशन–1)रू के. एल. वेणुगोपाल दृ सौम्या (एस.एस. खन्ना डिग्री कॉलेज)

विशेष उल्लेख (स्पेशल मेंशन–2)रू रवि किशन दृ प्रशांत (शंभुनाथ लॉ कॉलेज)

समिति में उच्च उत्कृष्टता (हाई एक्सीलेंस इन कमिटी)रू शशि थरूर दृ आदर्श जायसवाल (यूओए)

प्रक्रिया समिति के पुरस्कार विजेता

सर्वश्रेष्ठ प्रतिनिधि (बेस्ट डेलीगेट)रू गुरमीत सिंह दृ हिमांशु (यूनाइटेड) उच्च प्रशंसा (हाई कमेंडेशन)रू अमित शाह दृ शोषांक मौखिक उल्लेख (वर्बल मेंशन)रू नवीन जिंदल दृ युवराज मौखिक उल्लेख (वर्बल मेंशन)रू अनन्या शुक्ला

कार्यक्रम के समापन अवसर पर सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए तथा विजेताओं को सम्मानित किया गया। "उद्घोष यूथ पार्लियामेंट 2026" का मुख्य उद्देश्य युवाओं में संसदीय प्रणाली की समझ विकसित करना, लोकतांत्रिक चेतना जागृत करना तथा नेतृत्व कौशल एवं राष्ट्र निर्माण की भावना को सुदृढ़ करना रहा।

कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों एवं शिक्षकों ने आयोजन की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों को एक जागरूक, अनुशासित एवं जिम्मेदार नागरिक बनने की दिशा में प्रेरित करते हैं।

# नारद जयंती पर सुल्तानपुर में भव्य कार्यक्रम

## पत्रकारों को मिला आदर्श आचरण का संदेश

सुल्तानपुर। देवर्षि नारद जयंती के पावन अवसर पर शुक्रवार को नगर के मेहमान रेस्टोरेंट में एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचार विभाग द्वारा मोहनपुर इकाई के संयोजन में सुबह 11.00 बजे संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. बीके झा ने की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए काशी प्रांत के प्रचार प्रमुख डॉ. मोराजी त्रिपाठी ने कहा कि पत्रकारों को अपने दायित्व का बोध देवर्षि नारद के आदर्शों से लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज के दौर में कलम चलाना अत्यंत चुनौतीपूर्ण कार्य हो गया है, ऐसे में पत्रकारिता को समाज को "अमंगल से मंगल" की ओर ले जाने का माध्यम बनना चाहिए। उन्होंने देवर्षि नारद को पत्रकारिता का जनक बताते हुए कहा कि उनका जीवन सत्य, संवाद और लोककल्याण का प्रतीक रहा है। डॉ. त्रिपाठी ने यह भी कहा कि नारद मुनि न केवल विष्णु भक्त के रूप में पूजनीय हैं, बल्कि उन्हें संगीत का प्रणेता भी माना जाता है। पत्रकारिता का मूल उद्देश्य भी समाज में सत्य, शिव और सुंदर के भाव को स्थापित करना है, जिसे सत्यम् शिवम् सुंदरम के रूप में समझा जा सकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ. बीके झा ने अपने उद्बोधन में सभी उपस्थित पत्रकारों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पत्रकार समाज का आईना होता है और उसकी भूमिका बेहद महत्वपूर्ण होती है। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित जनपद के सुप्रसिद्ध सर्जन डॉ. ए.के. सिंह ने कहा कि देवर्षि नारद के जीवन से प्रेरणा लेकर पत्रकारों को वर्तमान समय में संतुलन बनाए रखते हुए समाजहित में कार्य करना चाहिए।इस अवसर पर विभाग श्री प्रकाश, डॉ राधाकृष्णन विभाग बौद्धिक शिक्षण प्रमुख शक्ति प्रकाश साजिला कार्यवाह अभिषेक नीरज विजय सहित अनेक पत्रकारों की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिससे कार्यक्रम की शोभा और भी बढ़ गई।

# आंधी-तूफान से 7 लोगों की मौत, डीएम के निर्देश पर आश्रितों को 4-4 लाख की सहायता वितरित




सुलतानपुर। जिले में बुधवार को आए आंधी–तूफान में सात लोगों की मौत हो गई। जिलाधिकारी इंद्रजीत सिंह के निर्देश पर सभी मृतकों के आश्रितों को राज्य आपदा मोचक निधि से 4–4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि वितरित की गई है। मृतकों में कुड़वार थानाक्षेत्र के पूरे शिववंश दुबे निवासी 20 वर्षीय महेंद्र तिवारी भी शामिल हैं। बिजली का खंभा गिरने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई थी। महेंद्र अपनी बहन की शादी के लिए दस दिन पहले ही परदेस से घर लौटे थे। 7 मई को उनकी बहन की बारात आनी थी। बल्दीराय थानाक्षेत्र में दो लोगों की जान गई। कस्बा माफियात में सुरेश कुमार सोनकर की आठ वर्षीय बेटी महिमा की मौत छप्पर के मकान पर ईंट गिरने से हुई। वह कक्षा 3 की छात्रा थी। इसी थाना क्षेत्र के सिंघनी गांव में 58 वर्षीय रामबरन पुत्र शिवदास के घर पर तेज आंधी के कारण पेड़ गिर गया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। उनकी पत्नी श्यामलली गंभीर रूप से घायल हो गईं और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। हलियापुर थाना क्षेत्र के पूरे निधई तिवारी मजरे डोभियारा में 35 वर्षीय रीता पत्नी बम बहादुर की मौत कच्ची दीवार और छप्पर गिरने से हुई। रीता अपने पीछे तीन छोटे बच्चे छोड़ गई हैं।अखंडनगर थाना क्षेत्र के बरामदपुर गांव में आठ वर्षीय सुरेमन पुत्र विजय बहादुर की मौके पर ही मौत हो गई थी। इस हादसे में विकास (16) और किशन (11) गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए अम्बेडकरनगर भेजा गया था।बंधुआकला के अलीगंज दाऊदपुर में घर के पास जामुन का पेड़ गिरने से 40 वर्षीय सुषमा गुप्ता पत्नी अरविन्द गुप्ता की मौत हो गई थी। कूरेभार थाना क्षेत्र के पटना मनीपुर में कच्ची दीवार में दबकर 70 वर्षीय केवला देवी की मौत हुई थी।

# एसी के कापर तार चोरी का खुलासा, कबाड़ डीलर पर शिकंजा

सुल्तानपुर। शहर में एसी के कॉपर पाइप और तार चोरी के मामलों में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए कई आरोपितों को गिरफ्तार किया है। नगर कोतवाली पुलिस की टीम जिसमें महिला और पुरुष सिपाही शामिल थे, चौक क्षेत्र स्थित एक बर्तन दुकानदार के यहां पहुंची और पूछताछ की।सूत्रों के अनुसार, पुलिस ने एसी के कॉपर पाइप चोरी करने वाले चोरों के साथ–साथ चोरी का सामान खरीदने वाले कबाड़ डीलर (रिसीवर) को भी गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि संबंधित दुकानदार चोरी का कॉपर तार गुपचुप तरीके से खरीदता था। पकड़े गए आरोपितों ने पूछताछ में खुलासा किया कि वे बंद पड़े दफ्तरों और सुनसान मार्केट को निशाना बनाकर एसी के आउटडोर यूनिट से कॉपर पाइप और तार काटकर चोरी करते थे। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से कॉपर तार के कई बंडल भी बरामद किए हैं।गौरतलब है कि गर्मी बढ़ने के साथ शहर में एसी कॉपर चोरी की घटनाओं में तेजी आई है। बस स्टेशन क्षेत्र और गोपालदास इलाके में एक चिकित्सक के यहां भी ऐसी घटनाएं सामने आई थीं। सुपर मार्केट में भी मेडिकल दुकानदारों को इस तरह की चोरी से हजारों रुपये का नुकसान हुआ है।

सूत्रों का कहना है कि इस तरह की चोरी में लिप्त अधिकांश आरोपी नशे के आदी होते हैं, जो कटर की मदद से बिना आवाज किए कुछ ही मिनटों में कॉपर पाइप काट लेते हैं। फिलहाल, नगर कोतवाली पुलिस चोरी के सामान की खरीद–फरोख्त में शामिल अन्य कबाड़ डीलरों की तलाश में जुटी हुई है और आगे भी कार्रवाई जारी रहने की संभावना है।

# निषाद पार्टी की 'राजनैतिक एकता' महारैली में उमड़ा जनसैलाब



लंभुआध्सुलतानपुर। निषाद पार्टी की 'राजनैतिक एकता' विशाल महारैली वाराणसी में लंभुआ विधानसभा (190) से वरिष्ठ नेता डॉ. आशीष तिवारी हजारों कार्यकर्ताओं के साथ शामिल हुए। उनके पहुंचते ही कार्यकर्ताओं ने जोशीले नारों और तालियों की गूंज के बीच भव्य स्वागत किया और जुलूस की शक्ल में मंच तक ले गए। पूरे आयोजन स्थल पर उत्साह और ऊर्जा का माहौल नजर आया।महारैली के मुख्य अतिथि डॉ. संजय निषाद, कैबिनेट मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार एवं निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष, का डॉ. आशीष तिवारी ने 51 किलो की विशाल माला पहनाकर सम्मान किया। इस अवसर पर उपस्थित नेताओं व कार्यकर्ताओं ने पार्टी एकता और संगठन की मजबूती का संकल्प दोहराया।अपने संबोधन में डॉ. आशीष तिवारी ने कहा कि निषाद पार्टी समाज के दबे–कुचले, वंचित और असहाय वर्गों की सशक्त आवाज बनकर उभरी है। "हमारी लड़ाई केवल चुनाव तक सीमित नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय और अधिकारों की स्थापना के लिए है। सड़क से लेकर सदन तक हर मंच पर हम जनता की आवाज उठाते रहेंगे," उन्होंने कहा। उन्होंने 'सेवार्थम फाउंडेशन' के माध्यम से चल रही जनसेवा गतिविधियों का जिक्र करते हुए बताया कि उनकी टीम निरंतर जरूरतमंदों की सहायता में जुटी है।मुख्य अतिथि डॉ. संजय निषाद ने अपने वक्तव्य में पार्टी की नीतियों, सिद्धांतों और भविष्य की रणनीति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि निषाद पार्टी वंचित समाज को सम्मान, भागीदारी और अधिकार दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने और एकजुट होकर आगे बढ़ने का आह्वान किया।

# प्रतापगढ़ में आज पहली बार आयोजित होगा विशाल रोजगार महाकुंभ, 4000 से अधिक नौकरियों के अवसर

प्रतापगढ़ (जिला संवाददाता )प्रतापगढ़ जिले के बहु चर्चित युवा समाजसेवी एवं धर्मवीर आनंद पाण्डेय द्वारा युवाओं के लिए एक बड़ी खुशखबरी सामने आई है। पहली बार प्रतापगढ़ में विशाल रोजगार महाकुंभ का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें देश की 30 से अधिक बड़ी कंपनियां प्रतिभाग करेंगी और 4000 से अधिक नौकरियों के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे।

यह रोजगार महाकुंभ 02 मई 2026, शनिवार को सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक वरिष्ठ प्रेसीडेंसी स्कूल, भुपियामऊ, प्रतापगढ़ में आयोजित होगा। इस आयोजन का उद्देश्य जिले के बेरोजगार युवाओं, छात्रों एवं नौकरी की तलाश कर रहे अभ्यर्थियों को उनके अपने जिले में ही रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराना है, ताकि उन्हें नौकरी के लिए बाहर न जाना पड़े।

आयोजकों के अनुसार इस रोजगार मेले में पंजीकरण पूरी तरह निःशुल्क रहेगा तथा चयनित अभ्यर्थियों को बिना किसी शुल्क के नौकरी प्रदान की जाएगी। युवाओं के लिए यह एक सुनहरा अवसर माना जा रहा है, जहां वे सीधे बड़ी कंपनियों के प्रतिनिधियों से मिलकर रोजगार प्राप्त कर सकते हैं।

समाजसेवी आनंद पाण्डेय ने बताया कि यह रोजगार महाकुंभ युवाओं के भविष्य को नई दिशा देने का एक बड़ा प्रयास है। उन्होंने जिले के सभी बेरोजगार युवाओं, छात्र–छात्राओं एवं नौकरी की तलाश कर रहे अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस अवसर का लाभ उठाएं।

ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन के लिए पोस्टर में दिए गए QR Code को स्कैन कर आवेदन किया जा सकता है। आयोजकों ने युवाओं से समय पर पहुंचने और आवश्यक दस्तावेज साथ लाने की भी अपील की है।




# धूमधाम से मना भगवान गौतम बुद्ध का जन्मोत्सव

फतेहपुर(आरएनएस ) ।शुक्रवार को भगवान गौतम बुद्ध के करुणा, शांति और मानवता के संदेश से सराबोर नजर आया। कलेक्ट्रेट स्थित बुद्ध पार्क में डॉक्टर बाबा साहेब अंबेडकर मिशन भारत के तत्वावधान में भगवान गौतम बुद्ध का 2589 वां जन्मोत्सव श्रद्धा, उत्साह और सामाजिक समरसता के वातावरण में मनाया गया। अनुयायियों ने बुद्ध प्रतिमा के समक्ष दीप व कैंडल जलाकर प्रार्थना की, मानव कल्याण का संकल्प लिया और बाद में निकली भव्य शोभायात्रा ने पूरे शहर में जय भीम–जय बुद्धम् के नारों से माहौल गुंजायमान कर दिया। कलेक्ट्रेट परिसर स्थित बुद्ध पार्क उस समय आस्था और सामाजिक चेतना का केंद्र बन गया जब डॉक्टर बाबा साहेब अंबेडकर मिशन भारत के तत्वावधान में भगवान गौतम बुद्ध का 2589 वां जन्मोत्सव समारोह धूमधाम से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिले भर से पहुंचे बौद्ध अनुयायियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और मिशन से जुड़े पदाधिकारियों ने भगवान बुद्ध की प्रतिमा के समक्ष कैंडल जलाकर पुष्प अर्पित किए तथा शांति, प्रेम, समता और मानवता के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। समारोह को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि भगवान गौतम बुद्ध केवल एक धर्मगुरु नहीं बल्कि विश्व मानवता के महान पथ प्रदर्शक थे। उन्होंने समाज में व्याप्त ऊंच–नीच, छुआछूत, भेदभाव और अंधविश्वास जैसी कुरीतियों के विरुद्ध धार्मिक एवं सामाजिक क्रांति का बिगुल फूंका। उनके विचारों ने मानव को मानव से जोड़ने का काम किया और करुणा, मैत्री तथा अहिंसा का जो संदेश उन्होंने दिया, वह आज भी उतना ही प्रासंगिक है। कार्यक्रम में मौजूद अनुयायियों ने बुद्ध वंदना कर समाज में आपसी भाईचारा बढ़ाने, शिक्षा को बढ़ावा देने और बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर द्वारा दिखाए गए संवैधानिक मार्ग पर चलने की भी शपथ ली। बुद्ध पार्क परिसर जय भीम, जय बुद्धम् और नमो बुद्धाय के नारों से देर तक गूंजता रहा।

# 28 मई को धूमधाम से मनाएंगे वीर सावरकर की जयंती

फतेहपुर(आरएनएस ) ।अखिल भारत हिंदू महासभा जिला इकाई की मासिक बैठक जिलाध्यक्ष शशिकांत मिश्रा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सभी कार्यकर्ताओं ने एक स्वर से श्रमिक दिवस पर सभी श्रमिकों को बधाई देते हुए देश की मोदी सरकार से श्रमिकों की न्यूनतम मजदूरी प्रतिदिन 500 करने की मांग उठाई।

बैठक में संगठन की सक्रिय एवं समर्पित महिला कार्यकर्ता सुधा सिंह को महिला शाखा का नगर अध्यक्ष मनोनीत किया गया।

# रोडवेज कर्मचारी संयुक्तपरिषद ने किया धरना-प्रदर्शन

फतेहपुर(आरएनएस ) ।रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद लखनऊ के आहवान पर शुक्रवार को रोडवेज कर्मचारियों ने डिपो कार्यशाला प्रांगण में एक दिवसीय धरना–प्रदर्शन किया। जिसमें पंद्रह सूत्रीय मांगे उठाई गई और शासन व विभागीय अधिकारियों से निस्तारण की मांग की गई।धरना–प्रदर्शन व आम सभा की अध्यक्षता पूर्व प्रांतीय उप महामंत्री वीएस बाजपेई व संचालन शाखा अध्यक्ष जयचन्द्र प्रकाश ने किया। आम सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि डिपो के कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर काफी समय से आवाज उठाते चले आ रहे हैं लेकिन उनकी समस्याओं का निस्तारण नहीं किया जा रहा है। वक्ताओं ने मांग किया कि डग्गामार वाहनों के संचालन पर रोक लगाई जाए, लंबी दूरी के मार्गों पर हाई एण्ड लग्जरी बसें निगम द्वारा संचालित की जाएं,।

# श्रम दिवस पर प्रेस क्लब में पत्रकारों ने दिखाई ताकत

## न्यूनतम पेंशन बढ़ाने को लेकर केंद्रीय श्रम मंत्री से मिलेंगे - अनिल राजभर

लखनऊ । उत्तर प्रदेश सरकार के श्रम मंत्री अनिल राजभर 3 मई को केंद्रीय श्रम मंत्री डॉ मनसुख मांडवीया से ईपीएफ की न्यूनतम पेंशन बढ़ाए जाने के संबंध में बात करेंगे । यह जानकारी आज यूपी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन द्वारा प्रेस क्लब में आयोजित मई दिवस कार्यक्रम में देते हुए उन्होंने बताया कि यूनियन द्वारा इस संबंध में उन्हें पूर्व में दिए गए ज्ञापन पर बातचीत के लिए समय मांगा था। यूनियन की मांग है कि पीएफ की न्यूनतम पेंशन 1000 से बढ़ाकर 5000 रुपए की जाए।

अनिल राजभर ने यूनियन से अनुरोध किया कि वह एक वृहद संवाद कार्यक्रम आयोजित करें जिसमें प्रदेश भर के पत्रकार प्रतिनिधि शामिल हो। जिसमें वह भी दो–तीन घंटे समय देंगे। यूनियन के प्रादेशिक अध्यक्ष हसीब सिद्दीकी द्वारा मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन में पत्रकारों को पेंशन ,पत्रकार सुरक्षा कानून, पीजीआई में सभी श्रमजीवी पत्रकारों को चिकित्सा सुविधा , प्राथमिकता पर भूखंडों का आवंटन , आर्थिक सहायता के लिए स्थाई व्यवस्था तथा ट्रेन किराए में छूट की व्यवस्था पुनः लागू करने की मांग की गई । विशिष्ट अतिथि विधान परिषद सदस्य पवन सिंह चौहान ने कहा कि कलम के सामने चुनौतियां हैं लेकिन पत्रकारों को सच्चाई का पक्ष बहादुरी के साथ रखना चाहिए। समाज के वंचित, परेशान और पीड़ित लोगों की आवाज पत्रकार कलम के माध्यम से सरकार और शासन तक बेबाकी से पहुंचाएं । पत्रकारिता जुनून है एवं राजनीति का क्षेत्र भी जुनून है। हम लोग 24 घंटा क्षेत्र में व्यस्त रहते हैं । पत्रकार को सहज ,सरल और कर्मठ होना चाहिए । अपने इन्हीं गुणों से वह सरकार और समाज के बीच ऊंचे मानदंड स्थापित करता है।

यूपी प्रेस क्लब के अध्यक्ष रविंद्र कुमार सिंह ने कहा कि पत्रकारिता के क्षेत्र में चुनौतियां बढ़ी है । पहले सरकार के निर्णय की विसंगति की स्वस्थ आलोचना अखबारों में छपती थी । मुख्यमंत्री भी खबर बन जाते थे । जिला प्रशासन और शासन के कार्यों की अब स्वस्थ आलोचना भी पत्रकारों के लिए खतरे की घंटी है । पत्रकारों के विरुद्ध मुकदमे लिखे जा रहे हैं। खबरें रोकी जा रही हैं । यह स्वस्थ लोकतंत्र के लिए चिंता का विषय है।

इस अवसर पर हिंद मजदूर महासभा के प्रदेश महामंत्री उमाशंकर मिश्र ने कहा कि पत्रकारों के वेज बोर्ड बनना बंद हो गए हैं। कोरोना काल के बाद पत्रकारों की सुविधा भी छीन ली गई है । आज समय इस बात का आ गया है कि हम अपने हक के लिए एकजुट होकर लड़ाई लड़ें। श्रमिकों के लिए अब चार कोड की नई परिभाषा आ गई है लेकिन इससे पत्रकारों का हित नहीं होने वाला है । पहले 8 घंटे की ड्यूटी होती थी ,अब 12 घंटे की ड्यूटी कर दी गई है।

इसी क्रम में यूनियन के मंडल अध्यक्ष शिवशरण सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि पत्रकारों के संगठन तो बहुत बनते जा रहे हैं लेकिन उनके हित की कोई बात जमीनी स्तर पर नहीं कर रहा है। अब एकजुट होकर पत्रकारों की लड़ाई यूनियन लड़ेगी। यूनियन के प्रदेश महामंत्री देवराज सिंह ने कहा कि पत्रकारों के श्रम के साथ न्याय नहीं किया जा रहा है , सरकार को इसे गंभीरता से विचार करना चाहिए। इंडियन फेडरेशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष रजत मिश्रा ने कहा पत्रकारों की समस्याओं को सरकार प्राथमिकता से पूरी करें। इस अवसर पर अनिल त्रिपाठी ,राजीव बाजपेई ,सुमन गुप्ता, कला निधि मिश्रा, अनिल सैनी ,तमन्ना फरीदी , अजीत कुमार सिंह, मुकुल मिश्रा, महिमा तिवारी ,आदर्श प्रकाश सिंह, नासिर ,नायला किदवई ,रेनू निगम, गिरीश श्रीवास्तव, शैलेंद्र सिंह, आशीष सिंह ,त्रिलोक नाथ मिश्रा, शिव विजय सिंह ,नितिन श्रीवास्तव, आदित्य शुक्ला ,नजम एहसन, अब्दुल वाहिद ,जुबेर अहमद ,संजय सिंह ,राकेश शुक्ला ,अमित यादव, राजेश शुक्ला, विजय मिश्रा ,अमरेंद्र सिंह ,हरिराम अरोड़ा ,सूर्य नारायण सिंह ,रामचंद्र वर्मा हुजैफा अबरार, सौरभ निगम एवं प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए पत्रकार एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रेमकांत तिवारी ने किया।




# विशेष रेस्क्यू आपरेशन में चार बच्चों को भिक्षावृत्ति से कराया गया मुक्त

अयोध्या। स्माइल योजना (भिक्षावृत्ति मुक्त भारत अभियान) के अंतर्गत आज कच्चा घाट क्षेत्र में एक विशेष रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया। इस अभियान के दौरान भिक्षावृत्ति में लिप्त 4 बच्चों को सुरक्षित रेस्क्यू कर बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) के समक्ष प्रस्तुत किया गया। रेस्क्यू के पश्चात बच्चों के अभिभावकों को बुलाकर उनसे बच्चों को भिक्षावृत्ति में न लगाने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर उम्मीद संस्था के संस्थापक बलवीर सिंह मान, जिला समाज कल्याण अधिकारी रणविजय सिंह, समाज कल्याण विभाग के कनिष्ठ सहायक अरविन्द कुमार, रीना सिंह एवं सीडब्ल्यूसी के आरक्षी विजय कुमार उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त चाइल्ड लाइन से कविता मिश्र एवं अमृत यादव भी मौके पर मौजूद रहे और उन्होंने बच्चों के संरक्षण एवं पुनर्वास की प्रक्रिया में सहयोग किया। उम्मीद संस्था की टीम के सदस्य अभिषेक, राजू एवं विकास ने भी अभियान में सक्रिय भूमिका निभाई। बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) के निर्देशानुसार 4 में से 3 बच्चों को उनके अभिभावकों के साथ भेज दिया गया, जबकि एक बच्चे को आवश्यक देखरेख एवं सुधार हेतु बाल सुधार गृह भेजा गया। यह अभियान भिक्षावृत्ति उन्मूलन एवं बच्चों के सुरक्षित भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

# सपा मजदूर सभा ने मनाया मजदूर दिवस शहिदो को नमन कर दी श्रद्धांजलि

सपा मजदूर सभा के जिलाध्यक्ष मेवालाल प्रजापति के अगुवाई में जिला कार्यालय लोहिया ट्रस्ट में श्रमिको के मौजूदगी में




मजदूर दिवस मजदूरो का हथौडा, रींच, आदि औजार रखकर मनाया गया। इस अवसर पर वक्ताओ ने कहा की आज ही के दिन शिकागो में हजारो मजदूर शहिद हो गये थे। जिनके याद में आज हम उन्हें श्रद्धाजलि देकर नमन कर रहे हैं। इस मौके पर जिलाध्यक्ष मेवालाल प्रजापति ने कहा की मजदूरो से 8 घंटे ही काम लिया जाए। उन्होने लगे हाथ भाजपा पर हमलावर होते हुए कहा की सरकार मजदूरो के हित में कोई कार्य नही कर रही है। इस अवसर पर आधा दर्जन मजदूरो को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मजदूर उत्तर प्रदेश से रोजगार के लिए दूसरे प्रदेशो के लिए पलायन कर रहे है। आने वाले 2027 विधानसभा चुनाव में मजदूर भाजपा को सबक सिखाने का काम करेंगे।

कार्यक्रम में सलीम बादशाह, जमाल अहमद, रवि सोनकर, दीनानाथ प्रजापति, चंदन यादव, जुम्मन खान, धंनजय सिंह, केशरीनदन शर्मा, बजरंगी पाल, अजित यादव, राजकुमार प्रजापति, आजाद विश्वकर्मा, विरेन्द्र यादव, पप्पू प्रजापति, अभय यादव आदि मौजूद रहे।

## एक लाख का इनामी, यूपी से बाहर भी दबिश

मामले की गंभीरता और बढ़ते जनाक्रोश को देखते हुए फरार आरोपी बबलू सिंगरौर पर घोषित इनाम की राशि बढ़ाकर अब एक लाख रुपये कर दी गई है। एडीजी प्रयागराज जोन के निर्देश के बाद सात से अधिक पुलिस टीमें उत्तर प्रदेश के साथ–साथ मध्य प्रदेश, राजस्थान और दिल्ली तक संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं। पुलिस को आशंका है कि आरोपी पहचान छिपाकर राजनीतिक संपर्कों और नजदीकी रिश्तेदारों की मदद से लगातार ठिकाना बदल रहा है। एसओजी, सर्विलांस और स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीमें बैंक खातों, मोबाइल सिम, ऑनलाइन ट्रांजेक्शन और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर उसकी लोकेशन ट्रेस करने में लगी हैं।

## मगेतर के सामने तीन घटे तक बरपाया था कहर

गौरतलब है कि बीते दिनों खागा कोतवाली क्षेत्र में युवती अपने मंगेतर के साथ रिश्तेदारी जा रही थी, तभी रास्ते में मुख्य आरोपी बबलू सिंगरौर, ललित और युवराज ने दोनों को रोक लिया। मंगेतर को बंधक बनाकर पीटा गया और उसके सामने युवती से घंटों तक दुष्कर्म किया गया। आरोपियों ने घटना का वीडियो बनाया, धमकाया और पीड़ित पक्ष से ऑनलाइन रुपये भी ट्रांसफर कराए थे। इस मामले में दो आरोपी पहले ही जेल भेजे जा चुके हैं जबकि बबलू अब तक पुलिस की पकड़ से बाहर है।

## राजनीतिक गलियारों में मचा हड़कंप

भाजपा नेता पर मुकदमा दर्ज होने और गिरफ्तारी की कार्रवाई के बाद जिले की सियासत में भी भूचाल आ गया है। विपक्ष पहले से ही भाजपा पर आरोपी को संरक्षण देने के आरोप लगा रहा था। अब भाजपा पदाधिकारी के खिलाफ सीधे पुलिस कार्रवाई होने से पार्टी संगठन असहज स्थिति में आ गया है। अंदरखाने यह चर्चा भी तेज है कि पुलिस जल्द ही उन चेहरों को भी बेनकाब कर सकती है जिन्होंने आरोपी को बचाने की कोशिश की।

# श्रमिक दिवस पर भव्य कार्यक्रम आयोजित कर पात्र लाभार्थियों को जिलाधिकारी द्वारा किया गया लाभान्वित

## लखनऊ में आयोजित मा. मुख्यमंत्री जी के कार्यक्रम को दिखाया गया सजीव प्रसारण

दिनांक 1 मई 2026

आज अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस के श्रम विभाग के तत्वावधान में जिला पंचायत सभागार में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी श्री पवन कुमार गंगवार एवं मुख्य विकास अधिकारी (ब्क्) श्री विशाल कुमार की






गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में 150 से अधिक श्रमिकों ने सक्रिय सहभागिता की।

कार्यक्रम की शुरुआत में उपस्थित श्रमिकों को

इस अवसर पर श्रम विभाग के सहायक प्रोफेसर ऐश्रम आयुक्त श्री सतीश कुमार द्वारा श्रमिकों के लिए संचालित विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई तथा आवेदन प्रक्रिया एवं उससे मिलने वाले लाभों पर भी प्रकाश डाला गया।

कार्यक्रम के दौरान सहायक श्रम आयुक्त ने अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस के महत्व को बताते हुए श्रमिकों को उनके अधिकारों, सामाजिक सुरक्षा एवं कल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूक किया। उन्होंने श्रमिकों से अपील की कि वे अपना श्रम पंजीकरण अवश्य कराएं, ताकि सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का पूर्ण लाभ प्राप्त कर सकें। उन्होंने यह भी बताया कि शिक्षा, स्वास्थ्य, बीमा, पेंशन एवं आवास जैसी सुविधाएं श्रमिकों के जीवन को सुरक्षित और सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

कार्यक्रम में श्रमिकों को सुरक्षित कार्य वातावरण, न्यूनतम मजदूरी, निर्धारित कार्य समय तथा महिलाओं एवं बाल श्रमिकों के अधिकारों के प्रति भी जागरूक किया गया। साथ ही माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में वर्चुअल सहभागिता की गई, जिसमें श्रमिक कल्याण से जुड़े महत्वपूर्ण संदेशों को सभी ने सुना।

कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी तथा श्रम विभाग के अधिकारियों द्वारा कुछ श्रमिकों को मातृत्व शिशु एवं बालिका मदद योजना, कन्या विवाह सहायता योजना, निर्माण कामगार मृत्यु व दिव्यांग सहायता योजना के अंतर्गत लाभ प्रदान कर सम्मानित भी किया गया।

इस कार्यक्रम में श्रम विभाग एवं आस्था संस्था की टीम के सदस्य मौजूद रहे।

# रेप के आरोपी के मददगार भाजपा नेता पर मुकदमा दर्ज

खागा, फतेहपुर(आरएनएस ) । खागा कोतवाली क्षेत्र में मंगेतर के सामने युवती से सामूहिक दुष्कर्म और हैवानियत के सनसनीखेज मामले में अब पुलिस ने फरार चल रहे मुख्य आरोपी बबलू सिंगरौर के मददगारों पर भी शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। आरोपी को फरारी दिलाने और पुलिस गिरफ्त से बचाने के आरोप में भाजपा नेता जुगेश सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। खागा कोतवाली में तैनात दरोगा जय प्रकाश सिंह की तहरीर पर दर्ज रिपोर्ट में जुगेश सिंह पर आरोप है कि उसने बबलू सिंगरौर को भागने में मदद करने के इरादे से दस हजार रुपये ऑनलाइन उपलब्ध कराए। पुलिस ने मामले को गंभीर मानते हुए भाजपा नेता को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।जांच में सामने आया कि दुष्कर्म कांड के बाद जब पुलिस मुख्य आरोपी बबलू सिंगरौर की तलाश में दबिश दे रही थी। उसी दौरान उसे सुरक्षित स्थान तक पहुंचाने और फरारी के दौरान खर्च के लिए भाजपा नेता जुगेश सिंह ने ऑनलाइन ट्रांजेक्शन के जरिए दस हजार रुपये भेजे। पुलिस को इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य और बैंकिंग ट्रेल मिलने के बाद इस कड़ी की पुष्टि हुई। इसके बाद दरोगा जय प्रकाश सिंह की ओर से मुकदमा दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी गई। सूत्रों के मुताबिक पुलिस यह भी खंगाल रही है कि फरार आरोपी को राजनीतिक संरक्षण देने वाले और कौन–कौन लोग हैं। कॉल डिटेल, बैंक खातों और मोबाइल लोकेशन के जरिए पुलिस फरारी नेटवर्क की पूरी चेन खंगालने में जुटी है। मुख्य आरोपी बबलू सिंगरौर की गिरफ्तारी में नाकाम पुलिस और प्रशासन ने उसके आर्थिक व रसूख तंत्र पर चोट करते हुए बड़ी बुलडोजर कार्रवाई की। खागा तहसील के मौजा बहादुरपुर स्थित गाटा संख्या 2067 की चारागाह यानी सरकारी जमीन पर किए गए अवैध कब्जे को प्रशासन ने ध्वस्त करा दिया। एसडीएम खागा, राजस्व विभाग की टीम और भारी पुलिस फोर्स की मौजूदगी में देर शाम तक चली कार्रवाई के दौरान अवैध निर्माण, बाउंड्री और कब्जे के चिन्ह मिट्टी में मिला दिए गए। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार यह जमीन सरकारी चारागाह श्रेणी में दर्ज थी, जिस पर आरोपी ने दबंगई के बल पर कब्जा जमा रखा था।

# जिलाधिकारी के निर्देश पर आमजन को हीटवेव और डूबने से बचाने के लिए शुरू किया गया अभियान

श्रावस्ती । जनपद में डूबकर हो रही मृत्यु और हीटवेव की बढ़ती संभावना को देखते हुए जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग ने विद्यालयों और सार्वजनिक स्थानों पर जनजागरूकता अभियान संचालित करने के निर्देश दिये हैं जिसके क्रम में आपदा मित्र विद्यालयों और ग्रामीणों के मध्य जाकर आम जनमानस को एवं छात्रों को हीटवेव एवं डूबने से बचाव के लिए जागरूक कर रह हैं।

जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग ने सभी विभागाध्यक्षों को अपने अपने कार्यालय में हीटवेव से बचाव के लिए सभी आवश्यक उपाय करने के निर्देश दिये हैं। नगर पालिका एवं नगर पंचायतों को सार्वजनिक स्थानों पर प्याऊ संचालित करने के लिए निर्देशित किया गया है साथ ही जीव जंतुओं के लिए भी पानी की व्यवस्था करने के लिए कहा गया है । सिंचाई विभाग एवं जिला पंचायत राज विभाग को तालाबों मे पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा गया है। जिलाधिकारी ने समाज के प्रतिष्ठित नागरिकों, पेट्रोल पंप संचालकों एवं समाजसेवी संस्थाओं से आम जनमानस को हीटवेव से बचाने के लिए शीतल पेयजल की व्यवस्था करने की अपील की है ।

जिलाधिकारी ने आमजनमानस से अपील की है कि गर्मी के दिनों मे सीधे धूप के प्रभाव मे आने से बचें। धूप से बचने के लिए हल्के रंग के धीले कपड़े पहनें, अपने साथ पानी की बोतल जरूर रखें और प्यास न लगने पर भी नियमित अंतराल पर पानी पीते रहें। अधिक परिश्रम का काम करने वाले नागरिक कार्य के मध्य थोड़ी थोड़ी देर विश्राम करें। शरीर अधिक गर्म लगने पर स्नान करें। ठंडक प्रदान करने वालों फलों एवं पेय पदार्थों का सेवन करें। कमरे और घरों को यथासंभव ठंडा रखें। दिन मे 12 बजे से 4 बजे तक तेज धूप होती है ऐसे समय मे यथासंभव बाहर न जायें। अत्याधिक गर्मी में व्यायाम न करें। सूखी पत्तियां, पराली आदि न जलायें।

# फर्जी नौकरी, बिना कार्य भुगतान, डीआईओएस और शिक्षकों की तिकड़ी लोकायुक्त जांच के घेरे में

कुशीनगर, (आरएनएस)। फर्जी नियुक्तियों को संरक्षण देने, बिना कार्य किए लाखों रुपये के एरियर भुगतान करने और पद के दुरुपयोग से अकूत संपत्ति अर्जित करने के आरोपों में घिरे जिला विद्यालय निरीक्षक कुशीनगर के खिलाफ लोकायुक्त की सख्ती के बाद जिला प्रशासन हरकत में है। नतीजतन जिलाधिकारी ने तीन सदस्यी जांच टीम गठित कर दिया है। जांच टीम के गठन के साथ ही डीआईओएस कार्यालय में हलचल तेज हो गई है। जिन फाइलों पर कभी बिना सवाल के हस्ताक्षर हो जाते थे, अब उन्हीं फाइलों के खुलने का डर सता रहा है। क्योंकि मामला अब केवल आरोपों तक सीमित नहीं है, बल्कि आधिकारिक जांच की पकड़ में है।बताते चलें कि बीते दिनो लोकायुक्त कार्यालय से जारी पत्र संख्या 68–2026ध्06, दिनांक 8 अप्रैल 2026 ने जिला विद्यालय निरीक्षक श्रवण कुमार गुप्त के कारस्तानी को निर्णायक मोड़ दे दिया। कुशीनगर निवासी परिवादी वीरेन्द्र सिंह द्वारा दिए गए 61 पन्नों के परिवाद और सीडी साक्ष्य के आधार पर विस्तृत जांच के निर्देश मिलते ही जिलाधिकारी ने एसडीएम सदर की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय जांच टीम गठित कर दिया है। इस टीम में ट्रेजरी अफसर और बीएसए को शामिल किया गया है यानी कि अब फाइलों के साथ– साथ पैसों और नियुक्तियों का पूरा लेखा–जोखा खंगाला जाएगा।

# अपर पुलिस अधीक्षक के स्थानांतरण पर दी गई विदाई

श्रावस्ती । अपर पुलिस अधीक्षक मुकेश चंद्र उत्तम' का स्थानांतरण जनपद श्रावस्ती से जनपद प्रयागराज हो जाने के उपलक्ष्य में दिनांक 29.04.26 को पुलिस लाइन श्रावस्ती के सभागार कक्ष में 'पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी की अध्यक्षता' में विदाई समारोह का आयोजन किया गया।अपर पुलिस अधीक्षक मुकेश चंद्र उत्तम व नवागत अपर पुलिस अधीक्षक चन्द्रकेश सिंह एवं समस्त क्षेत्राधिकारी, शाखा प्रभारी सहित काफी संख्या में पुलिस के कर्मचारीगण मौजूद रहे। पुलिस अधीक्षक व अन्य पुलिस अधिकारियो द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक मुकेश चंद्र उत्तम के कार्यों की सराहना की गई।अपने कार्यकाल के दौरान श्रावस्ती में कानून व्यवस्था बनाए रखने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने कठिन परिस्थितियों में शांति और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी कदम उठाए। जिले में कई महत्वपूर्ण अभियानों और अपराध नियंत्रण कार्यों में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही तथा उपस्थित सभी पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगणों ने उनकी नई जिम्मेदारियों के लिए शुभकामनाएं दीं और उनके नेतृत्व में किए गए कार्यों की सराहना की व स्मृति चिन्ह व फूल माला पहनाकर ससम्मान विदाई दी गयी एवं उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

# श्रावस्ती पुलिस का सशक्तअभियान महिला सुरक्षा, सम्मान व आत्मनिर्भरता को मिल रही नई मजबूती

श्रावस्ती । पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी' के कुशल निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक चंद्रकेश सिंह' एवं समस्त क्षेत्राधिकारीगण के प्रभावी पर्यवेक्षण में जनपद श्रावस्ती में 'मिशन शक्ति फेज 5 (द्वितीय चरण)' के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं आत्मनिर्भरता को सु.ढ़ करने हेतु व्यापक जनजागरूकता अभियान निरंतर संचालित किया जा रहा है। अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ाना, उन्हें उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना एवं सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना है।इसी क्रम में 'थाना कोतवाली भिनगा, सिरसिया, मल्हीपुर, हरदत्तनगर गिरंट, सोनवा, गिलौला, इकौना, नवीन मॉडर्न, महिला थाना एवं शक्ति मोबाइल टीम' द्वारा विद्यालयों, ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों तथा सार्वजनिक स्थलों पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। चौपाल, संवाद एवं जनसंपर्क कार्यक्रमों के माध्यम से महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षा उपायों, कानूनी अधिकारों एवं सहायता सेवाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई तथा उन्हें '"शक्ति दीदी"' के रूप में निडर होकर अपनी बात रखने के लिए प्रेरित किया गया।साइबर अपराधों से बचाव हेतु सोशल मीडिया फ्रॉड, ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल एवं संदिग्ध लिंक के प्रति सतर्क रहने की अपील की गई।

# जिलाधिकारी ने जनता दर्शन में सुनीं शिकायतें

श्रावस्ती । जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग ने प्रतिदिन की तरह गुरूवार को कलेक्ट्रेट स्थित अपने कक्ष में आयोजित जनता दर्शन में फरियादियों की समस्याओं को सुना और उनकी समस्याओं के निराकरण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया। इस दौरान जिलाधिकारी को 13 शिकायतें प्राप्त हुई, जो विभिन्न विभागों से सम्बन्धित थी, इन शिकायतों को तत्काल निराकरण कर रिपोर्ट प्रेषित करने हेतु सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को स्वयं फोन कर निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बरतने पर अब अधिकारियों की जवाबदेही तय की जायेगी।

# अगरबत्ती निर्माण इकाई का शुभारंभ

फतेहपुर।(आरएनएस ) शहर के भिखारीपुर–देवीगंज क्षेत्र में शुक्रवार को प्राकृतिक एवं पर्यावरण अनुकूल उत्पादों के क्षेत्र में एक नई पहल के रूप में त्रिपाठी नेचूरल्स के प्रतिष्ठान व अगरबत्ती निर्माण इकाई का शुभारंभ किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सभासद सुनील गुप्ता ने विधिवत फीता काटकर प्रतिष्ठान का उद्घाटन किया। उद्घाटन के बाद उन्होंने नई अगरबत्ती निर्माण इकाई का अवलोकन किया और संस्थान की इस पहल की मुक्तकंठ से सराहना की। मुख्य अतिथि ने कहा कि वर्तमान समय में स्थानीय स्तर पर स्थापित होने वाले छोटे एवं मध्यम उद्योग ही युवाओं को स्वरोजगार देने का सबसे मजबूत माध्यम बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि त्रिपाठी नेचूरल्स न सिर्फ प्राकृतिक और शुद्ध उत्पाद उपलब्ध कराएगा, बल्कि जिले में रोजगार सृजन की ।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक की गयी आयोजित

आजमगढ़ (आर एन एस)जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार की अध्यक्षता मे कलेक्ट्रेट सभागार मे जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई ।समीक्षा बैठक में आशाओं के वेतन भुगतान संबंधित पीपीटी में तथ्यों को छुपाने पर नेशनल हेल्थ मिशन के प्रोग्राम ऑफिसर डीपीएम का वेतन रोकने के लिए जिलाधिकारी ने सीएमओ को निर्देशित किया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुबारकपुर में माह में केवल तीन डिलीवरी होने पर डीएम ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए सभी एमओआईसी को निर्देशित किया कि माह में कम से कम 15 संस्थागत प्रसव सुनिश्चित हो। मेहनगर एमओआईसी की शिकायत मिलने पर उन्हें अन्यत्र सीएचसी में स्थानांतरित करने का निर्देश डीएम ने दिया। शासन के मंशानुरूप माँ व बच्चों के स्वास्थ्य को अच्छा रखने की प्रतिबद्धता के क्रम में जिलाधिकारी ने टीकाकरण पर विशेष बल दिया। जिला क्षय रोग अधिकारी ने बताया कि 100 दिवसीय टीबी अभियान के क्रम में 24 मार्च से लेकर 1 जुलाई 2026 तक विशेष अभियान चलाए जा रहा है, जिसके माध्यम से टीबी रोग के लक्षण सस्पेक्टेड व्यक्तियों को चिन्हित कर प्रॉपर तरीके से जांच कर उपचार किया जा रहा है तथा पहले से चिन्हित टीवी मरीजों को समय–समय पर पोषण पोटली वितरित किया जा रहा है ।आयुष्मान भारत अभियान में बची हुयी आशा, आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों व सहायिकाओं का आयुष्मान कार्ड बनवाने हेतु जिलाधिकारी ने संबंधित एमओआईसी व सीडीपीओ को निर्देशित किया कि 01 मई को 10 बजे से अभियान चलाकर कार्ड बनाना सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि जन औषधि केंद्रों में उपलब्ध दवाओं की सूची को बाहर लगाया जाए। सभी डॉक्टर बाहर की दवाई कदापि न लिखे, जो जन औषधि केंद्र में उपलब्ध है, वही लिखे ।भीषण गर्मी में लू से बचाव व राहत की तैयारी के क्रम में समस्त सीएचसी, पीएचसी में आधारभूत सुविधाएं सुनिश्चित करते हुए कोल्ड रूम में बेड सहित अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाए। आयुष्मान गोल्डेन कार्ड की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि विशेष अभियान चलाकर गोल्डेन कार्ड बनाने में तेजी लाएं ।आशाओं के भुगतान की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि नियमानुसार आशाओं का भुगतान सुनिश्चित किया जाए। उन्होने कहा कि कार्य न करने वाली आशाओं को हटाकर उनकी जगह दूसरी आशा की नियुक्ति करें। टीकाकरण की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि शत प्रतिशत टीकाकरण कराते हुए यू–विन पोर्टल पर फीड करना सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि एमआर–1 एवं एमआर–2 टीकाकरण के कवरेज की प्रगति बढ़ायें एवं शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य को पूरा करें तथा उसको डाटा यू–विन पोर्टल पर भी फीड करें। उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में टीकाकरण की प्रगति बेहद खराब है, उन क्षेत्रों में विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होने कहा कि पम्पलेट बनाकर किस स्थान पर एवं किस दिन एमआर–1 एवं एमआर–2 का टीका लगाया जायेगा, इसका प्रचार–प्रसार करायें। इसके साथ ही प्रधान, कोटेदार एवं स्कूलों तथा सोशल मीडिया पर भी टीका लगाये जाने के दिन व स्थान का व्यापक प्रचार–प्रसार करायें। उन्होने स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिया कि संबंधित विभागों के अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर टीकाकरण की प्रगति बढ़ायें ।जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि गर्भवती महिलाओं का पंजीकरण कराते हुए शत प्रतिशत डाटा एचएमआईएस पोर्टल पर फीडिंग कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में एनीमिया से ग्रसित बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं का चिन्हांकन करते हुए उनमें आयरन की गोली वितरित करें। इसके साथ ही उन्होने निर्देश दिया कि जहां पर संस्थागत प्रसव की प्रगति कम है, वहां आशाओं के माध्यम से संस्थागत प्रसव की प्रगति बढ़ायें। एनसीडी कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने समस्त एमओआईसी को निर्देश दिया कि सीएचओ के साथ बैठक कर स्क्रीनिंग की प्रगति बढ़ाते हुए ई–कवच पोर्टल पर डाटा फीड करायें। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि डॉयल 102 एवं 108 एम्बूलेंस की रिस्पॉन्स टाइम को बढ़ायी जाए ।जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि जिन योजनाओं की प्रगति स्टेट एवरेज से कम है, उस पर विशेष दें एवं प्रगति बढ़ाते हुए शत प्रतिशत डाटा पोर्टल पर फीड करायें ।इसके साथ ही जिलाधिकारी ने परिवार नियोजन, संजीवनी ओपीडी, एनसीडी कैम्पेन, क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम, यूनिसेफ के कार्यक्रमों आदि की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

## आयुष्मान भारत दिवस पर सीएमओ ने लाभार्थियों को चौंबर में वितरित किए गोल्डन कार्ड

आजमगढ़ (आर एन एस) आयुष्मान भारत दिवस पर सीएमओ ने लाभार्थियों को चौंबर में वितरित किए गोल्डन कार्ड, स्वास्थ्य सुरक्षा का दिया संदेश आयुष्मान भारत दिवस के अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. एन. आर. वर्मा ने अपने कार्यालय कक्ष में चयनित लाभार्थियों राजू, आकाश, सुभाष, सूरज गौड़ एवं अब्दुल कादिर को आयुष्मान गोल्डन कार्ड वितरित कर उन्हें योजना के तहत निःशुल्क उपचार का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर एडिशनल सीएमओ एवं नोडल आयुष्मान डॉ. उमाशरण पांडेय भी उपस्थित रहे ।मुख्य चिकित्साधिकारी ने कहा कि आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के माध्यम से आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को बेहतर एवं निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। जनपद में अधिकांश पात्र परिवारों को योजना से जोड़ा जा चुका है, जबकि शेष लाभार्थियों को शीघ्र आच्छादित करने के लिए अभियान को और तेज किया गया है। वर्तमान में गोल्डन कार्ड निर्माण की प्रगति लगभग 67 प्रतिशत है, जिसे बढ़ाकर 90 प्रतिशत से अधिक करने का लक्ष्य रखा गया है ।उन्होंने बताया कि हाल के महीनों में विशेष अभियान चलाकर बड़ी संख्या में गोल्डन कार्ड बनाए गए हैं तथा अधिक से अधिक लाभार्थी सूचीबद्ध सरकारी एवं निजी अस्पतालों में निःशुल्क उपचार प्राप्त कर रहे हैं. सीएमओ ने कहा कि डेटा मिलान में आ रही कुछ तकनीकी समस्याओंकृजैसे नाम की त्रुटियां एवं लंबित रिकॉर्ड के समाधान के लिए शासन स्तर पर सुधारात्मक कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि आगामी समय में इस दिशा में और तेजी आने की संभावना है, जिससे पात्र लाभार्थियों को योजना से जोड़ना और आसान होगा ।मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता बढ़ाने के लिए विशेष कैंप, फील्ड विजिट एवं जनजागरूकता अभियान लगातार चलाए जा रहे हैं.उन्होंने यह भी कहा कि जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार के निर्देशन में डोर–टू–डोर सत्यापन, विशेष कैंपों का आयोजन एवं अस्पतालों की नियमित मॉनिटरिंग से योजना के क्रियान्वयन में तेजी आई है और इसके सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। अंत में मुख्य चिकित्साधिकारी ने जनपदवासियों से अपील की कि वे आयुष्मान भारत योजना का अधिकतम लाभ उठाएं और पात्र व्यक्तियों को इसके प्रति जागरूक करें, ताकि स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच अंतिम व्यक्ति तक सुनिश्चित की जा सके।

## पुलिस-गो तस्करों के बीच मुठभेड़, 2 शातिर तस्कर घायल

मीरजापुर। जिले के अहरौरा में पुलिस–गो तस्करों के बीच मुठभेड़ के बाद 2 शातिर तस्कर घायल हुए हैं। इस दौरान जंगल के रास्ते बिहार ले जाए जा रहे 45 गोवंश को पुलिस ने मुक्त कराया है। घायल तस्करों की पहचान रामबच्चन यादव और रामप्रकाश यादव के रुप में हुई है, दोनों चंदौली के निवासी हैं। बताया जा रहा है कि पुलिस पर फायरिंग कर तस्कर भाग रहे थे , जवाबी कार्रवाई में दोनों के पैर में गोली लगी है। मौके से 2 देशी कट्टा, 2 जिंदा और 2 खोखा कारतूस बरामद हुआ है। एसपी अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर थानाध्यक्ष अजय मिश्रा की टीम ने कार्रवाई की है। पुलिस के मुताबिक रामबच्चन यादव पर मिर्जापुर–चंदौली में हत्या के प्रयास समेत 9 केस, गैंगस्टर भी है, रामप्रकाश यादव पर भी गोवध निवारण व गैंगस्टर एक्ट के 5 मुकदमे दर्ज हैं। अहरौरा थाना क्षेत्र के बैजू बाबा तपस्थली के पास हिनौता छातों के जंगल में मुठभेड़ होना बताया जा रहा है, दोनों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां दोनों की, हालत सामान्य बताई गई है। दोनों तस्करो पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की जा रही है।

## असहाय पुलिस, कराहता कानून व्यवस्था, पुलिस चौकी में घुस कर सिपाही और दरोगा की पिटाई, मचा हड़कंप

मीरजापुर। जिले की कानून व्यवस्था को खुली चुनौती देती हुई एक तस्वीर सामने आई है जहां पुलिस चौकी में घुसकर दरोगा और सिपाही को पीटा जा रहा है उनकी वर्दी नोचीं जा रही है। सम्पूर्ण मामले का वीडियो वायरल होने के बाद हड़कम मचा हुआ है तो वहीं लोग जिले की कानून व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े कर रहे हैं। पुलिस चौकी में घुस कर सिपाही और दरोगा की पिटाई का यह पूरा मामला सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद तमाम तरह के सवाल खड़े हो रहे हैं तो बड़ा सवाल यह है कि श्जब वर्दी धारी ही असुरक्षित हैं तो आमजनों का क्या होगा? पूरा मामला ई रिक्शा से टक्कर के विवाद को लेकर चालक की हुई पिटाई से जुड़ा होना बताया जा रहा है। जिसके बाद मनबढ़ लोगों ने पुलिस चौकी पर जमकर बवाल काटा है। हद तो यह कि चौकी इंचार्ज अस्पताल और सिपाही को पुलिस चौकी के अंदर ही पीटा जाता रहा है। इसमें सिपाही के सिर पर चोट आई है तो दरोगा की वर्दी फाड़ी गई, बैज नोचा गया है। सूचना पर पहुंची भारी पुलिस फोर्स तो मौके से भाग निकले उपद्रवी दबंग हालांकि पुलिस ने 5 को हिरासत में लिया है। पूरा मामला बुधवार रात का बताया जा रहा है। इस संदर्भ में क्षेत्राधिकारी नगर विवेक जावला ने जानकारी देते हुए बताया है कि 29 अप्रैल को थाना कोतवाली शहर क्षेत्रान्तर्गत पुलिस चौकी सदर अस्पताल के पास घटित घटना के सम्बन्ध में चौकी प्रभारी सदर अस्पताल उप निरीक्षक मनोज कुमार राय की लिखित तहरीर पर भरत तिवारी पुत्र स्वर्गीय कृपाशंकर तिवारी, मनोज त्रिपाठी पुत्र स्वर्गीय जयनाथ त्रिपाठी, विकास त्रिपाठी पुत्र नित्यानन्द त्रिपाठी निवासीगण ग्राम मेवली थाना कोतवाली देहात व विक्की उर्फ हरेन्द्र प्रताप पुत्र गोपाल सिंह निवासी रामबाग थाना कोतवाली शहर को नामजद तथा कुछ अन्य अज्ञात व्यक्तियों के विरूद्ध बीएनएस व 7 सीएलए एक्ट पंजीकृत किया गया है। नामजद भरत तिवारी, मनोज त्रिपाठी व विकास त्रिपाठी को गिरफ्तार कर लिया गया है। चर्चा है कि आटो चालक से धक्का लगने के बाद विवाद हुआ, जिसके बाद विशेष समुदाय के लोगों ने ऑटो चालक का पक्ष लेते हुए एक अधिवक्ता की पिटाई शुरू कर दी थी, आरोप है कि मौके पर पहुंची पुलिस के सिपाही ने भी अधिवक्ता को न पहचानते हुए उनपर पर थप्पड़ चला दिए जिसके बाद मामला बिगड़ गया।

## गोली मारकर हत्या का प्रयास करने वाले दो गिरफ्तार

आजमगढ़ (आर एन एस)जनपद में अपराध एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना दीदारगंज पुलिस टीम को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। गोली मारकर हत्या का प्रयास करने के मामले में दो वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है तथा घटना में प्रयुक्त आला जुर्म बरामद किया गया है ।दिनांक 27.04.2026 को वादी छोटेलाल गुप्ता पुत्र स्व0 वशी गुप्त निवासी ग्राम डीकैथौली थाना दीदारगंज जनपद आजमगढ़ द्वारा थाना स्थानीय पर तहरीर दी गई कि गांव में आयोजित कार्यक्रम के दौरान अभियुक्त आक्रोश गुप्ता द्वारा पिस्टल से फायर कर उनके नाती सत्यम गुप्ता को गोली मार दी गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया। उक्त तहरीर के आधार पर थाना दीदारगंज पर मु0अ0सं0 74ध्26 धारा 109(1), 61(2) बीएनएस व 3/25/30। एक्ट पंजीकृत किया गया। विवेचना के दौरान अन्य अभियुक्त ऋषिकेश मिश्रा व सुरज गुप्ता का नाम भी प्रकाश में आया ।गिरफ्तारी का विवरणरूदिनांक 30.04.2026 को वरिष्ठ उ0नि0 अनिल कुमार सिंह मय पुलिस टीम द्वारा नामजद अभियुक्त आक्रोश गुप्ता को समय करीब 07:30 बजे शेखवलिया मोड़ तथा प्रकाश में आए अभियुक्त ऋषिकेश मिश्रा को समय करीब 11:04 बजे सिसवारा मोड़ से गिरफ्तार किया गया।

## ट्रक की चपेट में आए युवक, एक की मौत, दूसरे के पैर कटे

आजमगढ़ (आर एन एस)पवई थाना क्षेत्र में पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के 190 किलोमीटर पर गुरुवार देर रात करीब तीन बजे एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। लखनऊ से बिहार जा रही एक डिजायर कार सड़क किनारे सुरक्षित लेन में खड़ी थी। इसी दौरान पीछे से आ रहे आलू लदे तेज रफ्तार ट्रक ने कार में जोरदार टक्कर मार दी ।जानकारी के अनुसार, कार सवार लोग पेशाब करने के लिए वाहन से उतर रहे थे, तभी ट्रक ने उन्हें कुचलते हुए आगे बढ़ गया। हादसे में कार के बाहर खड़े ओंकार नाथ मिश्र (38), पुत्र गंगा सागर मिश्र, निवासी ग्राम बभनगवा, थाना नाऊ कोठी, जिला बेगूसराय (बिहार) की मौके पर ही मौत हो गई ।वहीं, दूसरे युवक सुधांशु शेखर चौधरी (28), पुत्र सुमन नाथ चौधरी, निवासी पूर्णिया (बिहार), भी ट्रक की चपेट में आ गए, जिससे उनके दोनों पैर कट गए। कार में बैठे अन्य लोगों को हल्की चोटें आई हैं। सभी घायलों का इलाज एक निजी अस्पताल में चल रहा है ।घटना के बाद पवई पुलिस ने आलू लदे ट्रक और उसके चालक को कब्जे में ले लिया है। चालक की पहचान रमेश सिंह, पुत्र देवनाथ सिंह, निवासी ग्राम गौतम नगरा, थाना सरैनी, जिला रायबरेली (उत्तर प्रदेश) के रूप में हुई है।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक की गयी आयोजित

आजमगढ़ (आर एन एस)जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार की अध्यक्षता मे कलेक्ट्रेट सभागार मे जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई ।समीक्षा बैठक में आशाओं के वेतन भुगतान संबंधित पीपीटी में तथ्यों को छुपाने पर नेशनल हेल्थ मिशन के प्रोग्राम ऑफिसर डीपीएम का वेतन रोकने के लिए जिलाधिकारी ने सीएमओ को निर्देशित किया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुबारकपुर में माह में केवल तीन डिलीवरी होने पर डीएम ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए सभी एमओआईसी को निर्देशित किया कि माह में कम से कम 15 संस्थागत प्रसव सुनिश्चित हो। मेहनगर एमओआईसी की शिकायत मिलने पर उन्हें अन्यत्र सीएचसी में स्थानांतरित करने का निर्देश डीएम ने दिया। शासन के मंशानुरूप माँ व बच्चों के स्वास्थ्य को अच्छा रखने की प्रतिबद्धता के क्रम में जिलाधिकारी ने टीकाकरण पर विशेष बल दिया। जिला क्षय रोग अधिकारी ने बताया कि 100 दिवसीय टीबी अभियान के क्रम में 24 मार्च से लेकर 1 जुलाई 2026 तक विशेष अभियान चलाए जा रहा है, जिसके माध्यम से टीबी रोग के लक्षण सस्पेक्टेड व्यक्तियों को चिन्हित कर प्रॉपर तरीके से जांच कर उपचार किया जा रहा है तथा पहले से चिन्हित टीवी मरीजों को समय–समय पर पोषण पोटली वितरित किया जा रहा है ।आयुष्मान भारत अभियान में बची हुयी आशा, आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों व सहायिकाओं का आयुष्मान कार्ड बनवाने हेतु जिलाधिकारी ने संबंधित एमओआईसी व सीडीपीओ को निर्देशित किया कि 01 मई को 10 बजे से अभियान चलाकर कार्ड बनाना सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि जन औषधि केंद्रों में उपलब्ध दवाओं की सूची को बाहर लगाया जाए। सभी डॉक्टर बाहर की दवाई कदापि न लिखे, जो जन औषधि केंद्र में उपलब्ध है, वही लिखे ।भीषण गर्मी में लू से बचाव व राहत की तैयारी के क्रम में समस्त सीएचसी, पीएचसी में आधारभूत सुविधाएं सुनिश्चित करते हुए कोल्ड रूम में बेड सहित अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाए। आयुष्मान गोल्डेन कार्ड की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि विशेष अभियान चलाकर गोल्डेन कार्ड बनाने में तेजी लाएं ।आशाओं के भुगतान की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि नियमानुसार आशाओं का भुगतान सुनिश्चित किया जाए। उन्होने कहा कि कार्य न करने वाली आशाओं को हटाकर उनकी जगह दूसरी आशा की नियुक्ति करें। टीकाकरण की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि शत प्रतिशत टीकाकरण कराते हुए यू–विन पोर्टल पर फीड करना सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि एमआर–1 एवं एमआर–2 टीकाकरण के कवरेज की प्रगति बढ़ायें एवं शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य को पूरा करें तथा उसको डाटा यू–विन पोर्टल पर भी फीड करें। उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में टीकाकरण की प्रगति बेहद खराब है, उन क्षेत्रों में विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होने कहा कि पम्पलेट बनाकर किस स्थान पर एवं किस दिन एमआर–1 एवं एमआर–2 का टीका लगाया जायेगा, इसका प्रचार–प्रसार करायें। इसके साथ ही प्रधान, कोटेदार एवं स्कूलों तथा सोशल मीडिया पर भी टीका लगाये जाने के दिन व स्थान का व्यापक प्रचार–प्रसार करायें। उन्होने स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिया कि संबंधित विभागों के अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर टीकाकरण की प्रगति बढ़ायें।जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि गर्भवती महिलाओं का पंजीकरण कराते हुए शत प्रतिशत डाटा एचएमआईएस पोर्टल पर फीडिंग कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में एनीमिया से ग्रसित बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं का चिन्हांकन करते हुए उनमें आयरन की गोली वितरित करें। इसके साथ ही उन्होने निर्देश दिया कि जहां पर संस्थागत प्रसव की प्रगति कम है, वहां आशाओं के माध्यम से संस्थागत प्रसव की प्रगति बढ़ायें। एनसीडी कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने समस्त एमओआईसी को निर्देश दिया कि सीएचओ के साथ बैठक कर स्क्रीनिंग की प्रगति बढ़ाते हुए ई–कवच पोर्टल पर डाटा फीड करायें। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि डॉयल 102 एवं 108 एम्बूलेंस की रिस्पॉन्स टाइम को बढ़ायी जाए ।जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि जिन योजनाओं की प्रगति स्टेट एवरेज से कम है, उस पर विशेष दें एवं प्रगति बढ़ाते हुए शत प्रतिशत डाटा पोर्टल पर फीड करायें ।इसके साथ ही जिलाधिकारी ने परिवार नियोजन, संजीवनी ओपीडी, एनसीडी कैम्पेन, क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम, यूनिसेफ के कार्यक्रमों आदि की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

## जनगणना संबंधी जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन सावित्रीबाई फुले राजकीय पालिटेक्निक तथा महाराजा सुहेलदेव राज्य विश्वविद्यालय में किया गया

आजमगढ़ (आर एन एस)जनपद आजमगढ़ में जनगणना संबंधी जागरूकता एवं प्रशिक्षण हेतु कार्यशाला का आयोजन सावित्रीबाई फुले राजकीय पॉलिटेक्निक तथा महाराजा सुहेलदेव राज्य विश्वविद्यालय में किया गया ।महाराजा सुहेलदेव राज्य विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में कुलपति प्रोफेसर संजीव कुमार की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान जनपद के मास्टर ट्रेनर इंजीनियर कुलभूषण सिंह ने प्रतिभागियों को स्व–गणना (मसम्‍दिनउमतंजपवद) की प्रक्रिया, उसके महत्व एवं तकनीकी पहलुओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की तथा सभी से अपील किया कि जनपद आजमगढ़ स्व–गणना के क्षेत्र में प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त करे ।कार्यक्रम में जिला सूचना विज्ञान अधिकारी (क्प्व–छप्), अपर जिलाधिकारी एवं जनगणना अधिकारी चंदन यादव तथा जनपद की जनगणना प्रभारी आकाश राय भी उपस्थित रहे.उल्लेखनीय है कि भारत की जनगणना 2027 स्वतंत्र भारत की आठवीं जनगणना होगी, जो पूर्णतः डिजिटल माध्यम से संपादित की जाएगी। इस बार जनगणना की प्रक्रिया मोबाइल आधारित होगी, जिससे आमजन स्वयं भी स्व–गणना कर सकेंगे ।स्व–गणना का कार्यक्रम दिनांक 07 मई से प्रारंभ होकर 21 मई तक संचालित किया जाएगा। जिलाधिकारी महोदय, अपर जिलाधिकारी महोदय एवं जिला जनगणना अधिकारी महोदय ने जनपद के समस्त नागरिकों से अपील की है कि वे स्व–गणना पोर्टल पर जाकर स्वयं अपनी गणना करें तथा प्राप्त सेल्फ एन्यूमरेशन आईडी को सुरक्षित रूप से अपने पास सहेज कर रखें।

## पुलिस का बड़ा वार 12 घंटे में हत्या आरोपी गिरफ्तार, मुठभेड़ में घायल

आजमगढ़ (आर एन एस)थाना कोतवाली जीयनपुर, जनपद आजमगढ़ में नवागत प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार सिंह ने कार्यभार संभालते ही अपनी कार्यशैली से साफ संकेत दे दिया कि अपराध के खिलाफ सख्त रुख अपनाया जाएगा। महज 12 घंटे के भीतर हत्या के एक चर्चित मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने मुख्य नामजद अभियुक्त को मुठभेड़ में घायल कर गिरफ्तार कर लिया ।दरअसल, अजमतगढ़ क्षेत्र में 28 अप्रैल को एक शादी समारोह के दौरान मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया था। कूलर की हवा की दिशा को लेकर शुरू हुआ झगड़ा मारपीट और चाकूबाजी तक पहुंच गया, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। इस सनसनीखेज घटना के बाद पुलिस पर त्वरित कार्रवाई का दबाव था ।कार्यभार संभालते ही प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार सिंह ने मामले को गंभीरता से लेते हुए टीम के साथ सक्रिय रणनीति बनाई। मुखबिर की सूचना पर बासूपार–घड़सरा मार्ग पर घेराबंदी की गई। संदिग्धों को रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन अभियुक्तों ने पुलिस टीम पर ही फायरिंग शुरू कर दी। इसके बाद आत्मरक्षा में पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की, जिसमें एक आरोपी के पैर में गोली लगी और उसे मौके से गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि उसके दो साथी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए ।गिरफ्तार अभियुक्त के पास से अवैध तमंचा और कारतूस बरामद किए गए हैं जिससे घटना की गंभीरता और स्पष्ट हो जाती है। घायल अभियुक्त को तत्काल उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है।

## आस्था, विरासत और विकास का संगम आजमगढ़ पर्यटन के नए युग की ओर अग्रसर

आजमगढ़, (आर एन एस)पूर्वांचल की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पहचान को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने की दिशा में आजमगढ़ जनपद तेजी से आगे बढ़ रहा है। मा० जनप्रतिनिधियों और जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार के सतत प्रयासों का ही परिणाम है कि आज यह जनपद पर्यटन विकास के एक नए दौर में प्रवेश कर चुका है। उत्तर प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप, धार्मिक और ऐतिहासिक स्थलों को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित कर उन्हें पर्यटन के प्रमुख केंद्रों के रूप में विकसित करने की व्यापक योजना पर तेजी से काम हो रहा है ।वित्तीय वर्ष 2025–26 में उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा राज्य योजनान्तर्गत आजमगढ़ जनपद के लिए 11 महत्वपूर्ण पर्यटन विकास परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की गई है। इन परियोजनाओं के लिए कुल 13 करोड़ 19 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई, जिसके सापेक्ष प्रथम किश्त के रूप में 5 करोड़ 95 लाख रुपये निर्गत किए जा चुके हैं। यह निवेश न केवल धार्मिक स्थलों के सौंदर्यीकरण और आधारभूत ढांचे के विकास को गति देगा, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती प्रदान करेगा ।धार्मिक स्थलों को मिलेगा नया स्वरूप इन परियोजनाओं के अंतर्गत जनपद के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में स्थित प्राचीन और पौराणिक महत्व के स्थलों का कायाकल्प किया जा रहा है। विधानसभा सगड़ी के अंतर्गत कैवल्य धाम शिव मंदिर, साल्हेपुर (उमरौहा, अजमतगढ़) के विकास के लिए 52.34 लाख रुपये की स्वीकृति के सापेक्ष 31 लाख रुपये की पहली किश्त जारी की गई है। यह स्थल स्थानीय आस्था का केंद्र रहा है, जहां अब श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी ।विधानसभा मुबारकपुर के ग्राम सभा डिलिया (सठियांव) स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर के विकास हेतु 49.81 लाख रुपये स्वीकृत हुए, जिनमें से 37 लाख रुपये जारी किए गए हैं। इसी तरह विधानसभा लालगंज के ग्राम ढेकवा (बरदह) स्थित बह्मबाबा स्थल के विकास के लिए 98.13 लाख रुपये में से 75 लाख रुपये की पहली किश्त प्रदान की गई है ।विधानसभा सगड़ी के अंतर्गत नगर पंचायत अजमतगढ़ स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर के लिए 82.27 लाख रुपये स्वीकृत हुए, जिनमें से 50 लाख रुपये जारी किए गए हैं।

## घर से निकले बुजुर्ग का खभवा बंधी में मिला शव, परिजनों में मचा कोहराम

मीरजापुर। थाना क्षेत्र के परसिया मुड़पेली गांव निवासी एक व्यक्ति का शव गुरूवार की सुबह खभवा बंधी में मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। शव मिलने के बाद मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि प्रशांत दुबे की सूचना पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल करते हुए शव को कब्जे में लेकर कार्रवाई किया ।परसिया मुड़पेली गांव निवासी राम किशोर (55) बीते बुधवार शाम पांच बजे के करीब घर से निकले थे, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटे परिजनों ने उनकी काफी खोजबीन की, मगर कोई सुराग नहीं मिल सका। दूसरे दिन सुबह गौरवा स्थित सिंचाई विभाग के खभवा बंधी के किनारे ग्रामीणों ने एक जोड़ी जूता देखा जिसकी सूचना परिजनों को दी गई। मौके पर पहुंचे परिजनों ने तलाश की तो बंधी में राम किशोर का शव मिला। वृद्ध की मौत से पत्नी छबीलीया तथा परिजनों का रो–रोकर हाल बेहाल है ।हलिया पुलिस मौके पर पहुंचकर जाच पड़ताल करते हुए शव को बाहर निकलवाकर कब्जे में लेकर कार्रवाई की है। बताते चलें कि मृतक के इकलौते पुत्र मुरली की 3 वर्ष पूर्व मौत हो गई थी। मृतक वृद्ध मेहनत मजदूरी कर अपने तीन अविवाहित नतनी तथा दो नातीयों का जिवकोपार्जन का इकलौता सहारा था घटना से गांव में शोक का माहौल व्याप्त है। इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव का कहना है कि खभवा बंधी में अधेड़ की मौत की सूचना पर शव कब्जे में लेकर पीएम कार्रवाई की जा रही है मृत्यु का स्पष्ट कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद होगा।

## नाबालिका को भगाने वाला गिरफ्तार, पुलिस ने भेजा जेल

लालगंज, मीरजापुर। पुलिस ने पॉक्सो एक्ट व नाबालिग को फुसलाकर भगाने के मामले में एक सप्ताह से भगोड़ा चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आरोपी की पहचान सूरज कुमार निवासी कोल्हुआ थाना लालगंज के रूप में हुई है। विगत 21 अप्रैल को नाबालिग को फुसलाकर कर आरोपी भगाकर गुजरात लेकर चला गया था। पुलिस द्वारा दबाव पड़ने पर आरोपी गुजरात से लाकर लालगंज किशोरी को छोड़ दिया और खुद मध्य–प्रदेश भागने की तैयारी में था, कि पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गुरुवार को पतुलकी गांव में स्थित ओवरब्रिज के पास से उसे गिरफ्तार कर लिया। लहंगपुर चौकी प्रभारी सुजीत सेठ ने बताया कि आरोपी को मुखबिर की सूचना पर लालगंज थाना क्षेत्र के पतुलकी गांव से गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तारी के समय कांस्टेबल हरेंद्र सिंह और अमरघ्नाथ साथ में मौजूद रहे। कोल्हुआ गांव के सूरज पर आरोप है कि वह नाबालिग लड़की को शादी का झांसा देकर भगाकर ले गया और उसके साथ पति–पत्नी की तरह रहा आरोपी के खिलाफ पास्को के साथ बलात्कार का केस भी दर्ज है। उसे गिरफ्तार करने के बाद अदालत में पेश किया और अदालत ने उसे जेल भेज दिया।

## अनियंत्रित बाइक सवार सड़क किनारे पत्थर से टकराया, एक की मौत, साथी घायल

मड़िहान/मीरजापुर। थाना क्षेत्र के कोटवा–सिरसी मार्ग पर एसएन फ्लैग्स फाउंडेशन के समीप गुरुवार की सुबह सड़क हादसे ने एक परिवार की खुशियां हमेशा के लिए छीन लीं। प्राप्त जानकारी के अनुसार देहात कोतवाली थाना क्षेत्र निवासी मानिकचंद पुत्र रमेश चौहान व सूरज चौहान पुत्र दयाशंकर चौहान दोनों एक बाइक पर सवार होकर जा रहे थे बताया जा रहा है कि बाइक सवार दोनो युवक रिश्तेदारी से वापस अपने घर लौट रहे थे। लेकिन किसे पता था कि यह सफर उनकी जिंदगी का आखिरी सफर बन जाएगा। अचानक हुए हादसे में बाइक अनियंत्रित होकर पत्थर से टकरा गई, और दोनों सड़क किनारे जा गिरे।

# रजत पाटिदार के विकेट पर मचा घमासान, अंपायर के फैसले पर भड़के विराट कोहली, नरेंद्र मोदी स्टेडियम में जमकर हुआ ड्रामा



यह घटना RCB की पारी के आठवें ओवर में हुई, जब अर्शद खान की गेंद पर जेसन होल्डर ने रजत पाटीदार का कैच लपककर उन्हें आउट कर दिया। पाटीदार, जो उस समय 19 रन बनाकर खेल रहे थे, ने रन गति बढ़ाने के लिए एक पुल शॉट खेलने की कोशिश की। आईपीएल 2026 के एक बेहद रोमांचक मुकाबले में गुजरात टाइटन्स ने मौजूदा चौंपियन रॉयल चौलेंजर्स बेंगलुरु को 4 विकेट से हरा दिया। हालांकि, गुजरात की इस जीत से ज्यादा चर्चा मैदान पर हुए उस हाई–वोल्टेज ड्रामे की हो रही है, जिसमें दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली अंपायर के एक फैसले पर अपना आपा खोते हुए नजर आए।यह घटना त्ब्ठ की पारी के आठवें ओवर में हुई। अर्शद खान की गेंद पर रजत पाटीदार (19 रन) ने एक पुल शॉट खेलने की कोशिश की। जेसन होल्डर ने आगे की ओर डाइव लगाते हुए जमीन के बेहद करीब एक कैच लपका।अनिश्चितता का माहौलरू रीप्ले में यह स्पष्ट नहीं हो पा रहा था कि गेंद ने जमीन को छुआ है या नहीं। फील्डर कगिसो रबाडा भी कैच के लिए दौड़ रहे थे, जिससे स्थिति और भ्रमित हो गई।अंपायर का फैसलारू तीसरे अंपायर ने लंबे समय तक विजुअल्स देखने के बाद श्सॉफ्ट सिग्नलश और मैदानी अंपायर के फैसले को बरकरार रखते हुए पाटीदार को आउट करार दिया।यह घटना त्ब्ठ की पारी के आठवें ओवर में हुई, जब अर्शद खान की गेंद पर जेसन होल्डर ने रजत पाटीदार का कैच लपककर उन्हें आउट कर दिया। पाटीदार, जो उस समय 19 रन बनाकर खेल रहे थे, ने रन गति बढ़ाने के लिए एक पुल शॉट खेलने की कोशिश की। होल्डर ने फुर्ती दिखाते हुए आगे की ओर डाइव लगाई और जमीन के करीब से कैच लपक लियाय उसी समय कगिसो रबाडा भी गेंद की ओर दौड़ रहे थे, जिससे दोनों फील्डरों के बीच लगभग टक्कर हो ही गई थी। आउट होने के इस वाकये के रीप्ले देखने के बाद भी यह पूरी तरह से साफ नहीं हो पाया कि गेंद जमीन को छूई थी या नहीं। इस अनिश्चितता के बावजूद, तीसरे अंपायर ने रिव्यू के बाद मैदान पर मौजूद अंपायर के फैसले को ही सही ठहराया और पाटीदार को आउट करार दिया। पारी के इस अहम मोड़ पर अंपायर के इस फैसले से कोहली और त्ब्ठ का डगआउट साफ तौर पर नाखुश नजर आया।कोहली, जो उस समय डगआउट में बैठे थे, काफी निराश दिखे और उन्होंने अंपायर के इस फैसले पर सवाल भी उठाए। इस अनुभवी बल्लेबाज ने इससे पहले 13 गेंदों में 28 रन बनाए थेय बाद में उन्हें बाउंड्री रोप के पास अंपायर के साथ काफी देर तक बहस करते हुए देखा गया। आखिरकार यह मैच गुजरात टाइटन्स के नाम रहा, जिन्होंने त्ब्ठ को चार विकेट से हराकर एक रोमांचक जीत दर्ज की। गुजरात टाइटन्स ने पहले गेंदबाजी करते हुए मौजूदा चैंपियन को 19.2 ओवरों में 155 रनों पर ही ऑल आउट कर दिया, और फिर 15.5 ओवरों में 158/6 का स्कोर बनाकर लक्ष्य को सफलतापूर्वक हासिल कर लिया। कप्तान शुभमन गिल (18 गेंदों में 43 रन) और जोस बटलर (19 गेंदों में 39 रन) ने टीम की जीत की नींव रखी, जबकि राहुल तेवतिया (17 गेंदों में 27' रन) ने टीम को जीत की मंजिल तक पहुंचाया।

# वीरेंद्र सहवाग ने कार्तिक को दी धमकी, दोनों के बीच बातचीत के बाद गर्माया माहौल

वीरेंद्र सहवाग और मुरली कार्तिक के बीच हो रही बातचीत अचानक उग्र हो गई। बात यहां तक पहुंच गई है कि सहवाग ने तो कार्तिक के मुंह पर रेड बुल स्प्रे करने की बात कह डाली। ये वाक्या बीते बुधवार मुंबई इंडियंस और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच खेले गए मुकाबले के बाद की बातचीत का है।भारत के पूर्व खिलाड़ी वीरेंद्र सहवाग और मुरली कार्तिक के बीच हो रही बातचीत अचानक उग्र हो गई। बात यहां तक पहुंच गई है कि सहवाग ने तो कार्तिक के मुंह पर रेड बुल स्प्रे करने की बात कह डाली। ये वाक्या बीते बुधवार मुंबई इंडियंस और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच खेले गए मुकाबले के बाद की बातचीत का है। सहवाग और मुरली कार्तिक क्रिकबज पर बात कर रहे थे। बातचीत में शार्दुल ठाकुर का जिक्र हुआ, जिन्हें मुंबई ने इम्पैक्ट प्लेयर के रूप में टीम में शामिल किया पर बॉलिंग के लिए एक भी ओवर नहीं दिया। मुंबई के फैसले पर सहवाग और कार्तिक दोनों ही हैरान दिखाई दिए। शार्दुल को लेकर बात करते हुए मुरली कार्तिक ने कहा कि मुझे भी समझ नहीं आया। शायद वो उन्हें एक विकल्प के रूप में लाए हों, लेकिन शायद वो भूल गए हों या फिर कुछ और हो। मुझे वाकई समझ नहीं आया। पता नहीं क्यों, मेरा भी चेहरा बिल्कुल आपके जैसा ही है।



कार्तिक की बात खत्म होती कि, उससे पहले ही सहवाग ने शो के होस्ट से कहा कि क्या आप मुझे रेड बुल की कैन पास कर सकते हैं ताकि मैं उनके मुंह पर स्प्रे कर सकूं। सहवाग की ये बात सुनकर कार्तिक पूरी तरह से असहज नजर आए। ये सुनकर कार्तिक ने सहवाग से सवाल पूछा कि आप ही क्यों नहीं बताते? फिर सहवाग ने समझाया कि शार्दुल को गेंदबाजी करानी चाहिए थी क्योंकि वह विकेट लेने वाला गेंदबाज है, तो कार्तिक ने उन्हें याद दिलाया कि सवाल क्यों का है जिस पर सहवाग ने कहा कि, इस सवाल का जवाब हार्दिक पंड्या के पास है।

# रोहित शर्मा के बाद कौन होगा भारत का अगला ओपनर



रोहित शर्मा इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा छक्के जड़ने वाले क्रिकेटर हैं। रोहित शर्मा इंटरनेशनल क्रिकेट में अभी तक 650 छक्के जड़ चुके हैं। रोहित शर्मा वनडे में 357 छक्के, टी20 में 205 छक्के और टेस्ट क्रिकेट में 88 छक्के उड़ा चुके हैं। वह इंटरनेशनल क्रिकेट में 650 छक्के जड़ने वाले दुनिया के पहले और इकलौते बल्लेबाज हैं।टीम इंडिया के शहिटमैनश यानी रोहित शर्मा आज, 30 अप्रैल को अपना 39वां जन्मदिन मना रहे हैं। रोहित शर्मा को हिटमैन नाम उनकी गेंद को हिट करने की काबिलियत के कारण दिया गया है। रोहित भारत के सबसे सफल कप्तानों में से एक हैं। जिनके नाम कुछ ऐसे रिकॉर्ड हैं जिन्हें तोड़ना असंभव के बराबर हैं। वनडे में 3 दोहरे शतकरोहित शर्मा के नाम वनडे इंटरनेशनल क्रिकेट में तीन दोहरे शतक जड़ने का वर्ल्ड रिकॉर्ड दर्ज है। ऐसा करने वाले वो दुनिया के एकलौते बल्लेबाज हैं। रोहित शर्मा का ये वर्ल्ड रिकॉर्ड टूटना नामुमकिन के बराबर है। रोहित ने 282 वनडे मैचों में 1157 रन बनाए हैं। वनडे में सबसे बड़ी पारी

13 नवंबर 2014 को कोलकाता में श्रीलंका के खिलाफ खेले गए वनडे मैच में रोहित शर्मा ने 254 रनों का पारी खेलकर वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया था। जिसे आज तक कोई बल्लेबाज नहीं तोड़ पाया है। ये रोहित शर्मा का वनडे क्रिकेट में दूसरा दोहरा शतक था और ऐसा करने वाले वह दुनिया के एकमात्र खिलाड़ी थे। टी20 में सबसे तेज शथक जड़ने वाले भारतीय खिलाड़ीरोहित शर्मा टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे तेज शतक जड़ने वाले भारतीय बल्लेबाज हैं। रोहित शर्मा ने 22 दिसंबर 2017 को श्रीलंका के खिलाफ इंदौर के होल्कर स्टेडियम में खेले गए एक टी20 मैच में 35 गेंद पर शतक ठोक दिया था। रोहित शर्मा ने इस मैच में 43 गेंद पर 118 रनों की तूफानी पारी खेली थी, जिसमें 12 चौके और 10 छक्के भी शामिल थे। एक वनडे वर्ल्ड कप एडिशन में सबसे ज्यादा शतकरोहित शर्मा के नाम एक वनडे वर्ल्ड कप एडिशन में सबसे ज्यादा शतक जड़ने का वर्ल्ड रिकॉर्ड दर्ज है। रोहित शर्मा ने इंग्लैंड और वेल्स में खेले गए 2019 वनडे वर्ल्ड कप के दौरान दुनिया में सबसे ज्यादा 5 शतक लगाए थे। इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा छक्के भारत के विस्फोटक बल्लेबाज रोहित शर्मा इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा छक्के जड़ने वाले क्रिकेटर हैं। रोहित शर्मा इंटरनेशनल क्रिकेट में अभी तक 650 छक्के जड़ चुके हैं। रोहित शर्मा वनडे में 357 छक्के, टी20 में 205 छक्के और टेस्ट क्रिकेट में 88 छक्के उड़ा चुके हैं। वह इंटरनेशनल क्रिकेट में 650 छक्के जड़ने वाले दुनिया के पहले और इकलौते बल्लेबाज हैं। टी20 में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीयरोहित शर्मा टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज हैं। रोहित शर्मा ने भारत के लिए 159 टी20 मैचों में 32.05 की औसत से 4231 रन बनाए हैं। जिसमें 5 शतक और 32 अर्धशतक शामिल हैं। इस दौरान उनका बेस्ट स्कोर नाबाद 121 रन रहा। टी20 में रोहित शर्मा के नाम 1 विकेट भी हैंऔर उनका बेस्ट प्रदर्शन 22 रन देकर 1 विकेट है। वनडे में सबसे ज्यादा छक्केरोहित के नाम वनडे इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा छक्के जड़ने का वर्ल्ड रिकॉर्ड भी है।

# रोहित शर्मा के नाम हैं ये अनोखे रिकार्ड, जिन्हें तोड़ना आसान नहीं

रोहित शर्मा इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा छक्के जड़ने वाले क्रिकेटर हैं। रोहित शर्मा इंटरनेशनल क्रिकेट में अभी तक 650 छक्के जड़ चुके हैं। रोहित शर्मा वनडे में 357 छक्के, टी20 में 205 छक्के और टेस्ट क्रिकेट में 88 छक्के उड़ा चुके हैं। वह इंटरनेशनल क्रिकेट में 650 छक्के जड़ने वाले दुनिया के पहले और इकलौते बल्लेबाज हैं।टीम इंडिया के शहिटमैनश यानी रोहित शर्मा आज, 30 अप्रैल को अपना 39वां जन्मदिन मना रहे हैं। रोहित शर्मा को हिटमैन नाम उनकी गेंद को हिट करने की काबिलियत के कारण दिया गया है। रोहित भारत के सबसे सफल कप्तानों में से एक हैं। जिनके नाम कुछ ऐसे रिकॉर्ड हैं जिन्हें तोड़ना असंभव के बराबर हैं। वनडे में 3 दोहरे शतकरोहित शर्मा के नाम वनडे इंटरनेशनल क्रिकेट में तीन दोहरे शतक जड़ने का वर्ल्ड रिकॉर्ड दर्ज है। ऐसा करने वाले वो दुनिया के एकलौते बल्लेबाज हैं। रोहित शर्मा का ये वर्ल्ड रिकॉर्ड टूटना नामुमकिन के बराबर है। रोहित ने 282 वनडे मैचों में 1157 रन बनाए हैं। वनडे में सबसे बड़ी पारी13 नवंबर 2014 को कोलकाता में श्रीलंका के खिलाफ खेले गए वनडे मैच में रोहित शर्मा ने 254 रनों का पारी खेलकर वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया था। जिसे आज तक कोई बल्लेबाज नहीं तोड़



पाया है। ये रोहित शर्मा का वनडे क्रिकेट में दूसरा दोहरा शतक था और ऐसा करने वाले वह दुनिया के एकमात्र खिलाड़ी थे। टी20 में सबसे तेज शथक जड़ने वाले भारतीय खिलाड़ीरोहित शर्मा टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे तेज शतक जड़ने वाले भारतीय बल्लेबाज हैं। रोहित शर्मा ने 22 दिसंबर 2017 को श्रीलंका के खिलाफ इंदौर के होल्कर स्टेडियम में खेले गए एक टी20 मैच में 35 गेंद पर शतक ठोक दिया था। रोहित शर्मा ने इस मैच में 43 गेंद पर 118 रनों की तूफानी पारी खेली थी, जिसमें 12 चौके और 10 छक्के भी शामिल थे। एक वनडे वर्ल्ड कप एडिशन में सबसे ज्यादा शतक

रोहित शर्मा के नाम एक वनडे वर्ल्ड कप एडिशन में सबसे ज्यादा शतक जड़ने का वर्ल्ड रिकॉर्ड दर्ज है। रोहित शर्मा ने इंग्लैंड और वेल्स में खेले गए 2019 वनडे वर्ल्ड कप के दौरान दुनिया में सबसे ज्यादा 5 शतक लगाए थे। इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा छक्केभारत के विस्फोटक बल्लेबाज रोहित शर्मा इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा छक्के जड़ने वाले क्रिकेटर हैं। रोहित शर्मा इंटरनेशनल क्रिकेट में अभी तक 650 छक्के जड़ चुके हैं। रोहित शर्मा वनडे में 357 छक्के, टी20 में 205 छक्के और टेस्ट क्रिकेट में 88 छक्के उड़ा चुके हैं। वह इंटरनेशनल क्रिकेट में 650 छक्के जड़ने वाले दुनिया के पहले और इकलौते बल्लेबाज हैं। टी20 में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीयरोहित शर्मा टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज हैं। रोहित शर्मा ने भारत के लिए 159 टी20 मैचों में 32.05 की औसत से 4231 रन बनाए हैं। जिसमें 5 शतक और 32 अर्धशतक शामिल हैं। इस दौरान उनका बेस्ट स्कोर नाबाद 121 रन रहा। टी20 में रोहित शर्मा के नाम 1 विकेट भी हैं और उनका बेस्ट प्रदर्शन 22 रन देकर 1 विकेट है। वनडे में सबसे ज्यादा छक्केरोहित के नाम वनडे इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा छक्के जड़ने का वर्ल्ड रिकॉर्ड भी है।

# जसप्रीत बुमराह की परफारमेंस पर उठे सवाल, कीरोन पोलाड ने कहा- दिग्गज का भी दिन खराब होता है



मुंबई इंडियन्स के बल्लेबाजी कोच कीरोन पोलार्ड ने जसप्रीत बुमराह के खराब प्रदर्शन पर उनका बचाव करते हुए कहा कि दिग्गज गेंदबाजों का भी दिन खराब हो सकता है। पोलार्ड ने आईपीएल में महंगे स्पेल के बाद बुमराह को थोड़ी राहत देने की अपील की और उनके जोरदार वापसी करने का विश्वास जताया। मुंबई इंडियन्स के बल्लेबाजी कोच कीरोन पोलार्ड ने कहा कि जसप्रीत बुमराह जैसे दिग्गज तेज गेंदबाज का भी कभी–कभी दिन खराब हो सकता है या उनका सत्र अच्छा नहीं जा सकता। उन्होंने भारत के इस स्टार तेज गेंदबाज को थोड़ी राहत देने की अपील की जिन्होंने इंडियन प्रीमियर लीग में अपना तीसरा सबसे महंगा गेंदबाजी स्पेल डाला। बुमराह ने बुधवार को सनराइजर्स के खिलाफ चार ओवर में 54 रन लुटाए जबकि उन्हें कोई विकेट नहीं मिला। हैदराबाद ने यह मैच छह विकेट से जीता।मुंबई इंडियन्स ने रेयान रिकेल्टन के नाबाद 123 रन की मदद से पांच विकेट पर 243 रन बनाए लेकिन सनराइजर्स ने 18.4 ओवर में चार विकेट पर 249 रन बनाकर जीत हासिल की। जब संवाददाताओं नेबुमराह की मौजूदा आईपीएल में गेंदबाजी पर सवाल किए तो पोलार्ड ने कहा, ''जब कोई क्रिकेटर अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रहा होता है तो हम हर उस पहलू पर गौर करते हैं कि वह अच्छा क्यों नहीं कर रहा है और जसप्रीत बुमराह के मामले में भी कोई फर्क नहीं है।''उन्होंने कहा, ''उन्होंने वर्षों से ऐसा किया है। एक इंसान होने के नाते आपको भी गलतियां करने, दिन खराब होने, सत्र खराब होने या कुछ महीने खराब जाने का हक है। मुझे बस लगता है कि हमें कभी–कभी उन अच्छी चीजों को याद रखना चाहिए जो उन्होंने की हैं।'' पोलार्ड ने कहा, ''हां, हम वर्तमान में जीने की कोशिश करते हैं और वह उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं लेकिन वह लंबे समय से मुंबई इंडियन्स और भारत के लिए नंबर एक गेंदबाज रहे हैं। मुझे बस लगता है कि कभी–कभी हम क्रिकेटरों को थोड़ी राहत दे सकते हैं क्योंकि हमारी बदकिस्मती है कि हम हमेशा लोगों की नजरों में रहते हैं इसलिए जब हम खराब प्रदर्शन करते हैं तो उसे हमेशा अधिक उछाला जाता है।''पोलार्ड ने कहा कि इस दाएं हाथ के तेज गेंदबाज को थोड़ी राहत देने से उन्हें लंबे समय में फायदा भी हो सकता है। उन्होंने कहा, ''मुझे पता है कि वह और भी ऊंचाइयों पर पहुंचकर जोरदार वापसी करेंगे और विकेट लेंगे और हम सब एक बार फिर ना सिर्फ मुंबई इंडियन्स के लिए बल्कि भारत के लिए भी 'बुमराह–बुमराह' के नारे लगा रहे होंगे।''

# एपल की रिकार्ड कमाई में इण्डिया का जलवा, सीईओ टिम कुक बोले- यहां है डबल डिजिट ग्रोथ

एप्पल के सीईओ टिम कुक ने भारत को एक बड़ा अवसर बताते हुए यहां दोहरे अंकों की वृद्धि की पुष्टि की है, जिससे कंपनी के राजस्व में भारी उछाल आया है। भारत के बढ़ते मध्यम वर्ग और विशाल स्मार्टफोन बाजार को देखते हुए एप्पल अपनी विस्तार रणनीति को लेकर बेहद उत्साहित है। एप्पल के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) टिम कुक ने कहा कि वह भारत को लेकर ''बेहद उत्साहित'' हैं और इसे कंपनी के लिए एक ''बेहद बड़ा अवसर'' मानते हैं। एप्पल की 2026 की दूसरी तिमाही का आय विवरण देते हुए उन्होंने कहा, '' हां, यह हमारे लिए बहुत बड़ा अवसर है। हम इस पर काफी समय से ध्यान दे रहे हैं। भारत, दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा स्मार्टफोन बाजार और तीसरा सबसे बड़ा पीसी बाजार है।कुक ने भारतीय बाजार को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में यह टिप्पणी की। उन्होंने स्वीकार किया कि कंपनी का भारत में प्रदर्शन अच्छा रहने के बावजूद उसकी हिस्सेदारी अभी ''सीमित'' है। कुक ने भारत के बढ़ते मध्यम वर्ग और उसकी संभावनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि कंपनी के अधिकतर



ग्राहक अभी ब्रांड के लिए नए हैं जो विकास के लिए अनुकूल माहौल बनाता है। उन्होंने कहा, '' कुल मिलाकर, मैं भारत को लेकर बेहद उत्साहित हूं।'' एप्पल का तिमाही राजस्व 17 प्रतिशत बढ़कर 111.2 अरब डॉलर हो गया।कुक ने बताया कि कंपनी ने विकसित और उभरते दोनों बाजारों में जनवरी–मार्च तिमाही के रिकॉर्ड बनाए जिनमें भारत उन क्षेत्रों में शामिल है जहां दोहरे अंकों में वृद्धि दर्ज हुई। कंपनी ने भारत में अपना छठा स्टोर खोलने पर भी खुशी जाहिर की। फरवरी में मुंबई के बोरीवली में नया स्टोर खोला गया जो शहर में दूसरा स्टोर है। एप्पल के स्टोर नयी दिल्ली, बेंगलुरु, पुणे और नोएडा में भी हैं। कुक ने कहा, '' भारत में पिछले कुछ वर्ष में हमारी निरंतर वृद्धि देखना शानदार रहा है।यह दुनिया भर के उभरते बाजारों में अधिक ग्राहकों से जुड़ने की हमारी व्यापक रणनीति का हिस्सा है।'' उन्होंने साथ ही बताया कि आईफोन के लिए अमेरिका, लैटिन अमेरिका, ग्रेटर चीन, पश्चिमी यूरोप, भारत, जापान और दक्षिण–पूर्व एशिया सहित अधिकतर बाजारों में दोहरे अंकों की वृद्धि देखी जा रही है।मुख्य वित्तीय अधिकारी केवन पारेख ने बताया कि 'मैक' खंड का राजस्व छह प्रतिशत बढ़कर 8.4 अरब डॉलर रहा, जिसे 'मैकबुक नियो' जैसे नए उत्पादों की मांग से बल मिला। कंपनी के मैक और आईपैड दोनों की बिक्री में भारत सहित उभरते बाजारों में मजबूत वृद्धि देखी गई। इ

## रुपया ऐतिहासिक निचले स्तर 95.34 पर गिरा, पश्चिम एशिया संकट और क्रूड की आग ने बिगाड़ा बाजार

दोपहर में यह 95.25 पर कारोबार कर रहा था। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, डॉलर के मुकाबले 95.01 पर खुला। फिर 46 पैसे टूटकर 95.34 के रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गया।भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए बृहस्पतिवार का दिन काफी उथल–पुथल भरा रहा। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में आए भारी उछाल के कारण भारतीय रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 95.34 के अब तक के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया। घरेलू शेयर बाजारों में मची भारी बिकवाली ने रुपये की इस गिरावट में श्आग में घीश का काम किया।हालांकि दोपहर में यह 95.25 पर कारोबार कर रहा था। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, डॉलर के मुकाबले 95.01 पर खुला। फिर 46 पैसे टूटकर 95.34 के रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गया। दोपहर के सत्र में घरेलू मुद्रा 37 पैसे फिसलकर 95.25 पर कारोबार कर रही थी। रुपया बुधवार को 20 पैसे कमजोर होकर 94.88 प्रति डॉलर के रिकॉर्ड निचले स्तर पर बंद हुआ था।इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.03 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ 98.79 पर रहा। घरेलू शेयर बाजारों सेंसेक्स दोपहर के कारोबार में 687.75 अंक टूटकर 76,808.61 अंक पर आ गया जबकि निफ्टी 228.60 अंक फिसलकर 23,949.05 अंक पर पहुंच गया। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड का भाव 3.46 प्रतिशत बढ़त के साथ 122.11 डॉलर प्रति बैरल रहा। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) बुधवार को बिकवाल रहे थे और उन्होंने 2,468.42 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। क्या होगा आम आदमी पर असर?रुपये के कमजोर होने और कच्चे तेल के महंगा होने का सीधा असर आम आदमी की जेब पर पड़ता है।

# महंगाई का बड़ा झटका! कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर 993 महंगा, दिल्ली में कीमत 3000 के पार

न्यूज एजेंसी सूत्रों के हवाले से बताया, 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल सिलेंडर की कीमतें आज से 993 बढ़ा दी गई हैं। आज से दिल्ली में 19 किलोग्राम के सिलेंडर की कीमत 3071.50 होगी। घरेलू सिलेंडरों की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। वैश्विक तनाव और मध्य पूर्व में गहराते भू–राजनीतिक संकट का असर अब भारतीय रसोई और व्यापार पर दिखने लगा है। सरकार ने 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल लिक्विफाइड पेट्रोलियम गैस (LPG) सिलेंडर की कीमतों में ₹993 की भारी बढ़ोतरी करने का निर्णय लिया है। यह नई दरें तत्काल प्रभाव से लागू हो गई हैं। हालांकि, आम आदमी के लिए राहत की बात यह है कि घरेलू स्च्ळ सिलेंडरों (14.2 किग्रा) की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। न्यूज एजेंसी।छ्प् ने सूत्रों के हवाले से बताया, 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल सिलेंडर की कीमतें आज से 993 बढ़ा दी गई हैं। आज से दिल्ली में 19 किलोग्राम के सिलेंडर की कीमत 3071.50 होगी। घरेलू सिलेंडरों की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है।ष गौरतलब है कि 28 फरवरी को खाड़ी क्षेत्र में युद्ध जैसी स्थिति बनने के बाद से कमर्शियल LPG सिलेंडरों की कीमतों में कम से कम तीन बार बढ़ोतरी हुई है। सबसे पहले मार्च में कीमतें 144 बढ़ाई गई थीं। इसके बाद 1 अप्रैल को कीमतों में फिर से 195.50 की बढ़ोतरी की गई। हालांकि सरकार ने कहा है कि वह स्थिति पर नजर रखे हुए है और यह सुनिश्चित कर रही है कि वैश्विक बाजारों में अस्थिर हालात को देखते हुए देश के हितों की रक्षा के लिए सभी जरूरी कदम उठाए जाएं, लेकिन कीमतों में लगातार हो रही इस बढ़ोतरी का असर रेस्टोरेंट, भोजनालयों और अन्य संबंधित व्यवसायों पर काफी ज़्यादा पड़ा है। हालांकि, देश के लिए राहत की बात यह है कि पूरे भारत में पेट्रोल और डीजल की दरें अपरिवर्तित बनी हुई हैं।इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (IOC) ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि घरेलू उड़ानों के लिए एविएशन टर्बाइन फ्यूल (ATF) की कीमतों में भी कोई बदलाव नहीं किया गया है। इनपुट लागत के आधार पर हर महीने की पहली तारीख को ATF की कीमतों में संशोधन किया जाता है, और यह एक सामान्य प्रक्रिया है।इसके अलावा, सरकार ने डीजल के निर्यात पर लगने वाली एक्साइज ड्यूटी को घटाकर 23 प्रति लीटर और ATF पर 33 प्रति लीटर कर दिया है। हालांकि, केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि घरेलू खपत के लिए पेट्रोल और डीजल पर मौजूदा एक्साइज ड्यूटी की दरों में कोई बदलाव नहीं किया जाएगा। मंत्रालय ने गुरुवार देर रात जारी एक बयान में कहा, डीजल के निर्यात पर ड्यूटी की दर 23 प्रति लीटर होगी (SAED – 23; RIC – शून्य)। इसके अलावा, ATF के निर्यात पर ड्यूटी की दर 33 प्रति लीटर होगी (केवल SAED)। पेट्रोल के निर्यात पर ड्यूटी की दर शून्य बनी रहेगी। घरेलू खपत के लिए जारी किए गए पेट्रोल और डीजल पर मौजूदा उत्पाद शुल्क दरों में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

# चारकोल से स्केच बनाने में भी माहिर हैं एक्ट्रेस तारा सुतारिया



अभिनय और गायकी के साथ ही अभिनेत्री तारा सुतारिया चारकोल से स्केच बनाने में भी माहिर हैं। तारा ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर कर अब तक छुपा कर रखे हुनर से प्रशंसकों को रूबरू कराया। यह चित्रकारी तब की है जब वह मात्र 9 साल की थीं।

तारा सुतारिया ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर करते हुए कैप्शन लिखा, चारकोल स्केच मैंने बचपन में बनाए थे! ये तब का स्केच है, जब मैंने इसे बनाना शुरू किया था। उस वक्त मेरी उम्र 9 साल थी।

शेयर किए गए वीडियो में तारा सुतारिया के चारकोल स्केच के कई कलेक्शन नजर आए।

शानदार अभिनेत्री और गायिकी के बारे में तो पहले से ही जानते थे, लेकिन इस नए टैलेंट से रूबरू करा उन्होंने अपना अलग ही अंदाज पोर्ट्रे किया है। ये बताता है कि तारा सुतारिया बहुमुखी प्रतिभा की धनी हैं। सुतारिया अपनी फिल्म एक विलेन रिटर्न्स के लिए गाना भी गा चुकी हैं। उन्होंने एक पोस्ट के जरिए बताया भी कि उनके लिए फिल्म के गाने को आवाज देना आसान नहीं था। गाना साल 2022 में आई एक्शन–थ्रिलर फिल्म एक विलेन रिटर्न्स के लिए रिकॉर्ड किया गया था। अभिनेत्री ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर कर गाने के बारे में बताया कि ये चुनौतीपूर्ण था।

इस बात को भी सोशल प्लेटफॉर्म पर शेयर किया था। इंस्टाग्राम में प्यारे से कैप्शन में लिखा था, मैंने अपना पहला हिंदी सॉन्ग शामत रिकॉर्ड किया। इस गाने को श्रोताओं से काफी अच्छी प्रतिक्रिया मिली। यह गाना फिल्म एक विलेन रिटर्न्स के लिए था, इसमें मैंने एक सिंगर की भूमिका निभाई। यह एक संयोग ही था क्योंकि किसी को फिल्मों में गाने का मौका बहुत ही कम मिलता है। हालांकि, इसमें ढलना ज्यादा मुश्किल था और इसे आवाज देना ज्यादा आसान नहीं था।


तारा सुतारिया ने लिखा, अंग्रेजी और हिंदी म्यूजिक दोनों ही मेरे दिल के करीब हैं। ट्रेनिंग, साउंड और तकनीक की बात करें तो दोनों बिल्कुल अलग हैं! पीछे मुड़कर देखती हूं तो एक कदम आगे बढ़कर बहुत खुश हूं। गाने के प्रति इतना प्यार पाकर आभारी हूं। सभी के साथ बहुत प्यारी यादें भी हैं। मोहित सूरी, अर्जुन कपूर, अंकित तिवारी और बैडबॉय शाह, आपने इसे खास बना दिया।

# तराना के सेट पर शुरू हुआ था मधुबाला का प्यार



मिडिल क्लास फैमिली से आई मधुबाला की खूबसूरती का कोई मुकाबला नहीं था। दिलीप कुमार, शम्मी कपूर और किशोर कुमार जैसे बॉलीवुड स्टार उनपके दीवाने थे। तराना, मुगल–ए–आजम, मिस्टर एंड मिसेस 55 इनके करियर की कुछ यादगार फिल्में हैं। महज आठ साल की उम्र में बसंत फिल्म के साथ इन्होंने अपने करियर की शुरूआत की और 14 की उम्र से लाल दुपट्टा, महल और दुलारी जैसी फिल्मों में बतौर हिरोइन काम किया। वर्ष 1951 में आई फिल्म तराना के सेट पर कुछ ऐसा हुआ, जिससे मधुबाला की जिदंगी ही बदल गई। उनकी जिंदगी में दस्तक दी दिलीप कुमार ने। तराना के सेट पर दोनों का प्यार शुरू हुआ लेकिन मधुबाला के पिता की तरफ से इंकार के चलते, दिलीप कुमार और मधुबाला का नौ साल पुराना रिश्ता शादी तक नहीं पहुंच पाया। चलती का नाम गाड़ी और हाफ टिकट में मधुबाला ने मशहूर सिंगर किशोर कुमार के साथ काम किया था, इसके अलावा हाल कैसा हैं जनाब का, एक लड़की भीगी भागी सी, बाबू समझो इशारे जैसे गानो में भी दोनों साथ काम करते नजर आए। इसी काम के दौरान दोनों एक दूसरे को पसंद करने लगे और मधुबाला के पिता की सहमति से साल 1960 में किशोर कुमार ने इस्लाम कुबूल कर मधुबाला से शादी की। बताया जाता है कि मधुबाला के आखिरी दिनों में किशोर कुमार ने उन्हें मुंबई के एक घर में अकेला छोड़ दिया था। दरअसल मधुबाला की बहन मधुर भूषण के अनुसार जब डॉक्टर ने मधुबाला की बीमारी बताते हुए कहा की उनके पास बहुत कम वक्त बचा है,

# अदिवी शेष की फिल्म डकैत में अनुराग कश्यप की एंट्री, पहली झलक आई सामने



अदिवी शेष स्टारर पैन इंडिया एक्शन ड्रामा डकैत एक रोमांचक सिनेमाई अनुभव देने का वादा करती है. फिल्म की फीमेल लीड मृणाल ठाकुर हैं. निर्माताओं ने अब कलाकारों में एक और प्रमुख नाम का खुलासा किया है. फिल्म निर्देशक और अभिनेता अनुराग कश्यप फिल्म में एक प्रभावशाली रोल में नजर आने वाले हैं. फिल्म में कश्यप एक निडर इंस्पेक्टर की भूमिका निभाएंगे, जो एक कट्टर अयप्पा भक्त है, जो भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टोलेरेंस रखता है. उनका कैरेक्टर तेज दिमाग और मजाकिया है. यह कैरेक्टर एक्शन, इमोशन और ड्रामा से भरी एक मनोरंजक कहानी में नए आयामों को जोड़ता है. फिल्म के प्रति दर्शकों के मन में रोमांच को बढाते हुए, टीम ने एक आकर्षक नया पोस्टर भी जारी किया है, जो फिल्म की दमदार, एक्शन से भरपूर कहानी को और भी इंटेंस बनाता है. डकैत एक ऐसे गुस्सैल अपराधी की यात्रा है, जो अपनी पूर्व प्रेमिका से बदला लेना चाहता है, जिसने उसे धोखा दिया था. वह उसे फंसाने के लिए एक खतरनाक योजना बनाता है और इस तरह यह कहानी प्यार, विश्वासघात और प्रतिशोध की भावनात्मक गाथा में बदल जाती है. फिल्म से जुड़ कर अनुराग कश्यप काफी रोमांचित हैं उन्होंने कहा, एक पुलिस अधिकारी की भूमिका निभाना, जो अयप्पा का भक्त है, मजेदार और चुनौतीपूर्ण है. कर्तव्य बनाम धर्म की पहेली और ड्राई ह्यूमर के साथ अपना काम करना शानदार है, मैं वास्तव में दो भाषाओं में इस किरदार को निभाने को ले कर उत्सुक हूं मैं हिंदी के साथ–साथ तेलुगू में भी शूटिंग करूंगा. दोनों भाषाओं में एक जैसा प्रभाव ला पाना चुनौतीपूर्ण होता है, जिसे मैं पूरी तरह से एन्जॉय कर रहा हूंशैनिल देव के डायरेक्शन में बनी इस महत्वाकांक्षी फिल्म को सुप्रिया यारलागड्डा प्रोड्यूस किया है. सुनील नारंग इसके को–प्रोड्यूसर हैं ।

# मीना कुमारी के जीजा थे महमूद



मीना कुमारी के कुछ रिश्तेदार भी फिल्म इंडस्ट्री में बड़ा नाम कमा चुके हैं। इनमें से एक वो है, जो हिंदी सिनेमा पर राज कर चुका है। इस एक्टर का फिल्म में होना हिट की गारंटी मानी थी। इस एक्टर ने हिंदी सिनेमा के दिग्गज स्टार संग फिल्में भी की। बात कर रहे हैं मीना कुमारी के स्टार जीजा की। महमूद मुस्लिम धर्म को मानने वाले थे। उनका जन्म भी मुस्लिम परिवार में ही हुआ था लेकिन वह हमेशा चाहते थे कि उन्हें मुस्लिम रिवाज की तरह मरने के बाद उन्हें दफनाया नहीं जाए, बल्कि उन्हें जलाया जाए। इस बात का जिक्र हनीफ जावेरी ने अपनी किताब महमूद : ए मैन ऑफ मैनी मूड्स में किया है।मीना कुमारी की बहन मधु ने जिस एक्टर से शादी रचाई थी। यह कोई और नहीं बल्कि पुरानी फिल्मों में अपनी कॉमेडी और शानदार एक्टिंग से छा जाने वाले एक्टर महमूद थे। कॉमेडी किंग कहे जाने वाले महमूद अली ने मीना कुमारी की बहन मधु से निकाह किया था। महमूद फिल्मों में आने से पहले ड्राइवर की नौकरी करते थे। इसी के चलते उन्हें मीना कुमारी के यहां नौकरी मिल गई। यहीं, महमूद की मीना कुमारी की बहन मधु से मुलाकात हुई। नजदीकी प्यार में बदली और दोनों ने 1953 में शादी रचा ली। हालांकि 1967 में दोनों का तलाक हो गया। बता दें कि महमूद ने 300 से ज्यादा फिल्मों में काम किया था। महमूद ने पांच दशक तक हिंदी सिनेमा पर राज किया। महमूद ने साल 1943 में अशोक कुमार स्टारर फिल्म किस्मत से हिंदी सिनेमा में कदम रखा और किस्मत हिंदी सिनेमा की पहली 1 करोड़ रुपये कमाने वाली फिल्म है। महमूद के बेटे लकी अली एक शानदार सिंगर हैं, जो आज भी अपनी आवाज का जादू बिखेरते हैं। 23 जुलाई 2004 को महमूद का 71 साल की उम्र में निधन हो गया था। महमूद की हिट फिल्मों में गुमनाम, भूत बंगला, दो बीघा जमीन, प्यासा, पत्थर के सनम, पड़ोसन और बॉम्बे टू गोवा शामिल हैं।महमूद का नाम लेते ही हंसी आती है लेकिन उन्होंने अपनी लाइफ में पग–पग पर सबसे ज्यादा दुख और गरीबी देखी। 29 सितंबर 1932 को जन्में महमूद ने करीब 300 से ज्यादा फिल्मों में काम किया। 23 जुलाई 2004 को उन्होंने इस दुनिया को अलविदा कह दिया था। कहा जाता है कि एक वक्त था जब महमूद के नाम की तूती बोलती थी। उनके नाम की धाक ऐसी थी कि बड़े–बड़े एक्टर घबराया करते थे। दर्शक हीरो के नाम पर कम महमूद के नाम पर अधिक फिल्म देखने थियेटर में जाया करते

# केरल की कोकिला हैं केएस चित्रा



गुमसुम, गुमसुम, ये हसीन वादियां, पायले चुनमुन और रात का नशा जैसे बेहतरीन गानों को गाने वाली दिग्गज गायिका के एस चित्रा, जिनका पूरा नाम कृष्णन नायर शांता कुमारी चित्रा है, जिनका जन्म केरल में हुआ। चित्रा को केरल की कोकिला भी कहा जाता है। 27 जुलाई 1963 को जन्मीं चित्रा ने दिग्गज फिल्म डायरेक्टर मणिरत्नम की फिल्म के लिए एक से एक गीत गाए हैं। चित्रा ने दिग्गज भारतीय संगीतकारों इलैयाराजा, ए.आर. रहमान और एम।एम किरवानी की धुनों पर ज्यादातर गाने गाए हैं। के.एस. चित्रा की आवाज सुनने के बाद किसी के भी दिल को बड़ा सुकून मिल सकता है।

दिग्गज गायिका चित्रा के पेरेंट्स टीचर्स थे और उन्हें संगीत विरासत से मिला है। चित्रा के पहले गुरु उनके पिता कृष्णन नायर थे। ऐसे में चित्रा ने पिता से ही सुर ताल की अच्छी शिक्षा ली और बचपन से गायकी शुरू कर दी। 1980 के दशक में उन्होंने तेलुगू भाषा में गाना शुरू कर दिया था। साल 1979 में चित्रा ने अपना पहला गाना गाया था। यह गाना साल 1983 में रिलीज हुई फिल्म अट्टाहसम में सुना गया था। चित्रा की आवाज को कई संगीतकारों ने दिल को छू जाने वाली आवाज कहा है। अगर आपने भी चित्रा का गाया एक भी गाना सुन लिया तो आप भी उनके फैन हो जाओगे। चित्रा अपनी सुरीली आवाज के चलते 6 बार नेशनल अवॉर्ड जीत चुकी हैं। पांच फिल्मफेयर पुरस्कार (दक्षिण) और 32 अलग–अलग राज्य फिल्म पुरस्कार अपने नाम किये हैं। मलयालम भाषा से गायकी की शुरुआत करने के बाद चित्रा ने तमिल, तेलुगू, कन्नड़ आदि साउथ भाषाओं में भी कई हिट गाने गाए। चित्रा ने दिग्गज तमिल म्यूजिक कंपोजर इलैयाराजा के साथ तमिल भाषा में गाने की शुरुआत की और 1985 में फिल्म नीतन अंत कुईल के लिए पूजा केता पूविठू गाना गाया, जिसे सुन इलैयाराजा खूब इंप्रेस हुए थे। वहीं, 1986 में फिल्म सिंधु भैरवी में गाने के लिए उन्हें प्लैबैक सिंगर का राष्ट्रीय पुरस्कार मिला था। इसके बाद चित्रा ने तमिल गानों की लाइन लगा दी। चित्रा साउथ भाषाओं के अलावा हिंदी,

# डिजाइनर लहंगा पहन भूमि पेडनेकर ने शेयर किया हाट लुक, एक्ट्रेस की कातिल अदाओं पर दिल हार गए फैंस



बॉलीवुड एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर हमेशा अपने बोल्ड लुक्स की तस्वीरें फैंस के बीच साझा करती रहती हैं। उनका किलर लुक इंस्टाग्राम पर आते ही अक्सर तबाही मचाता रहता है। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट एथनिक लुक्स की तस्वीरें फैंस के बीच शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनका किलर अवतार देखकर फैंस एक बार फिर से बेकाबू हो गए हैं।

एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर अक्सर अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच शेयर कर लोगों का ध्यान अपनी ओर खींच लेती हैं। उनका हर एक लुक इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है।अब हाल ही में भूमि पेडनेकर ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा की हैं। इन तस्वीरों में उनका किलर अवतार देखकर फैंस के होश उड़ गए हैं।

बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों पर लाइक्स और कॉमेंट्स करते हुए नहीं थकते हैं। हालांकि इन फोटोज में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिल रहा है।

इन फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर ने पर्पल कलर का बेहद ही खूबसूरत डिजाइनर लहंगा पहना

# निया शर्मा ने शानदार तरीके से मनाया मां का जन्मदिन, सोशल मीडिया पर शेयर की तस्वीरें



लोकप्रिय टेलीविजन अभिनेत्री निया शर्मा अपनी मां को उनके खास दिन पर फैंसी बर्थडे ब्रंच पर ले गईं। स्टाइलिश मां–बेटी की यह जोड़ी शहर में बाहर निकलते समय शानदार ड्रेस में बेहद खूबसूरत लग रही थी। निया शर्मा ने इंस्टाग्राम पर अपनी मां के जन्मदिन के जश्न की तस्वीरों का एक एल्बम पोस्ट किया है। केक काटने से लेकर शानदार दावत और अकेले फोटो खिंचवाने तक, उनकी इंस्टा पोस्ट में सब कुछ था। निया शर्मा अपनी मां के काफी नजदीक हैं और उनकी इन तस्वीरों में दोनों के बीच का अटूट प्यार दिखाई पड़ता है।इससे पहले, निया शर्मा ने तेजी से आगे बढ़ रहे मनोरंजन उद्योग में सार्थक दोस्ती बनाने की कठिनाइयों के बारे में बात की थी।अभिनेत्री ने स्वीकार किया कि उनके करियर के दौरान ऐसा समय भी आया जब उन्हें काम की वजह से कई बार किसी के साथ समय बिताना मुश्किल हो जाता है। निया शर्मा ने कहा,मैंने हमेशा आत्मनिर्भर और स्वतंत्र होने में विश्वास किया है। चाहे जीवन के बड़े फैसले लेने हों या दैनिक दिनचर्या को बनाए

हिन्दी दैनिक विजडम इंडिया
स्वामी,मुद्रक एवं प्रकाशक श्री शील कुमार शुक्ला द्वारा हिन्दुस्तान समाचार फीचर सेवा लि0 ,94, एम0जी0 मार्ग, हजरतगंज, लखनऊ से छपवाकर 633/387,गेहमर कुंज कालोनी, फैजाबाद रोड, चिनहट, लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।
सम्पादक–शील कुमार शुक्ला
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।